# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






## हरिभूमि गरबा में खुशियों का समंदर...

*रायपुर। इवेंट आर्गेनाइजर संग हरिभूमि-आईएनएच के रास-गरबा-2024 में गुरुवार को गरबा प्रेमी जमकर झूमे, थिरके। वीआईपी रोड स्थित होटल में आयोजित गरबा का दूसरा दिन था। तीन दिवसीय इस आयोजन में खुशियों का समंदर हिलोरे मारता रहा। ललित महल और गुढ़ियारी के रास गरबा में भी बड़ी संख्या में युवाओं ने शिरकत की। यहां हरिभूमि मीडिया पार्टनर है।*






### एक युग का अंत : देशभर में शोक की लहर, केंद्रीय गृहमंत्री समेत कई नेता पहुंचे

# विदा हुए 'अनमोल रतन', उठी भारत रत्न की मांग, बड़ा सवाल अब वारिस कौन ?

*दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का मुंबई में पूरे राजकीय सम्मान के साथ वर्ली स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से लेकर राजनीतिक, कारोबारी, खेल, मनोरंजन जगत के कई बड़े नाम पहुंचे। इधर, महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने रतन टाटा को भारत रत्न के लिए एक प्रस्ताव पास किया। इस बीच, यह चर्चा है कि अब देश के अनमोल रतन की विदाई के बाद उनका वारिस कौन होगा?*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रसिद्ध उद्योगपति एवं परोपकारी रतन टाटा का अंतिम संस्कार गुरुवार को मध्य मुंबई स्थित एक शवदाह गृह में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। मुंबई पुलिस ने उन्हें श्रद्धांजलि और गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वर्ली स्थित शवदाह गृह में टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा समेत उनके परिवार के सदस्य और टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन समेत शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, कांग्रेस नेता और ▶▶| शेष पेज 2 पर

■ राजनीतिक, कारोबारी, खेल, मनोरंजन जगत ने दी श्रद्धांजलि





### दिग्गज उद्योगपति जो संत की तरह जीया

दुनिया के सबसे प्रभावशाली उद्योगपतियों में शामिल रतन टाटा अपनी शालीनता और सादगी के लिए मशहूर थे, लेकिन वह कभी अरबपतियों की किसी सूची में नजर नहीं आए। वह 30 से ज्यादा कंपनियों के कर्ताधर्ता थे जो छह महाद्वीपों के 100 से अधिक देशों में फैली थीं लेकिन उन्होंने अपना जीवन एक संत की तरह जीया।

### भारत रत्न के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव

रतन टाटा को भारत रत्न मिले, इसको लेकर महाराष्ट्र कैबिनेट ने आज एक प्रस्ताव पास किया गया। महाराष्ट्र सरकार अब इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार को भेजेगी। इससे पहले शिंदे गुट के नेता राहुल कनाल ने इसकी मांग की थी।

### रतन टाटा का उत्तराधिकारी कौन

**माया टाटा**

रतन टाटा के सौतले भाई नोएल टाटा की बेटी माया टाटा है। माया टाटा की मां टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन दिवंगत साइरस मिस्त्री की बहन हैं।

**नेविल टाटा**

माया टाटा के भाई नेविल टाटा (32 वर्ष) पारिवारिक बिजनेस में ही शामिल हैं।

**लीआ टाटा**

नेविल और माया टाटा की बहन लीआ टाटा (39 साल) इस ग्रुप के होटल व्यवसाय से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने स्पेन के आईई बिजनेस स्कूल से शिक्षा प्राप्त की।

पुरखौती मुक्तांगन भी जाएंगी

## राष्ट्रपति मुर्मू 25-26 को रायपुर में, चार दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 और 26 अक्टूबर को रायपुर प्रवास पर आएंगी। बताया गया है कि 25 तारीख को एनआईटी रायपुर (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान), भिलाई के आईआईटी, रायपुर के आयुष विश्वविद्यालय तथा एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राष्ट्रपति ▶▶| शेष पेज 2 पर

### आईआईटी भिलाई के दीक्षांत में जाएंगी 26 को

अगले दिन 26 की सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह 9 बजे सबसे पहले विवेकानंद सरोवर पहुंचेंगी, जहां वे स्वामी विवेकानंद प्रतिमा और सरोवर को देखने के लिए एयरपोर्ट रवाना हो जाएंगी। राष्ट्रपति एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से भिलाई के लिए रवाना होंगी। उनका हेलीकॉप्टर साढ़े 10 बजे भिलाई हेलीपैड पहुंचेगा और वे 11 बजे आईआईटी ▶▶| शेष पेज 2 पर

### ये है आधिकारिक दौरा कार्यक्रम

राष्ट्रपति ओडिशा से छत्तीसगढ़ आएंगी। 25 अक्टूबर को उनका विशेष विमान भुवनेश्वर एयरपोर्ट से उड़ान भरेगा और सुबह 11 बजे रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेगा। रायपुर एयरपोर्ट से राष्ट्रपति का काफिला सीधे टाटीबंध स्थित एम्स जाएगा। वहां वे रायपुर एम्स के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। दोपहर एक बजे राष्ट्रपति राजभवन पहुंचेंगी। दोपहर 3 बजे ▶▶| शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### साहित्य का नोबेल लेखिका हान कांग को



**स्टाकहोम।** साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिए दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग (53) को चुना गया है। स्वीडिश अकादमी की नोबेल समिति के स्थायी सचिव मैट्स माल्म ने घोषणा की। हान कांग के 'गहन काव्यात्मक गद्य के लिए" यह सम्मान दिया जाएगा। इसमें ऐतिहासिक आघातों और मानव जीवन की नाजुकता रेखांकित है।

### रेल पटरी पर रखे गए छोटे पत्थर, टला हादसा

**बिजनौर।** यूपी के बिजनौर जिले में बृहस्पतिवार की सुबह रेल की पटरी पर अज्ञात लोगों ने छोटे पत्थर रख दिए, लेकिन ट्रेन उन पर से सकुशल गुजर गयी। सहारनपुर से मुरादाबाद जा रही मेमू ट्रेन जब गढ़मलपुर क्रासिंग पर पहुंची तो पटरी पर पत्थर टूटने की आवाज आई। हालांकि ट्रेन सकुशल निकल गई। बाद में चालक ने मुर्शदपुर स्टेशन पहुंच कर घटना की जानकारी दी।

## दिल्ली में पकड़ी गई 2000 करोड़ की कोकीन

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने रमेश नगर इलाके में छापा मारा। मौके से पुलिस को 200 किलो कोकीन बरामद हुई, जो गोदाम में रखी हुई थी। बरामद ड्रग्स की कीमत करीब 2 हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक कुल



मिलाकर अब तक 7 हजार करोड़ की ड्रग स्पेशल सेल जब्त कर चुकी है।

### ड्रग्स सिंडिकेट के तार दुबई से जुड़े

पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि यह सिंडिकेट दिल्ली और अन्य मेट्रो सिटी में कन्सर्ट, रेव पार्टी में बड़ी मात्रा में ड्रग्स बेचने वाला था। बताया जा रहा है कि इस ड्रग्स सिंडिकेट के तार दुबई से जुड़े हैं। स्पेशल सेल की तफ्तीश में दुबई के एक बड़े कारोबारी का नाम सामने आया है, जो कोकीन का बड़ा सप्लायर बताया जा रहा है।

### जेएंडके के पूर्व बीएम की तीन करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने ऋणदाता के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में जम्मू और कश्मीर ग्रामीण बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक, उनके परिवार के सदस्यों और कुछ अन्य लोगों की 3.40 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। पूर्व बैंक अधिकारी इश्तियाक अहमद पार्रे, तारिक अली पार्रे, हसीना बानो और मकसूद अली पार्रे के खिलाफ धन शोधन रोधक अधिनियम के तहत एक शुरुआती आदेश जारी किया गया था, ताकि श्रीनगर में स्थित उनकी संपत्तियों और दिल्ली के जाकिर नगर इलाके में एक फ्लैट को फ्रीज किया जा सके।




### 1.59 लाख के 'ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन' बरामद

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अवैध तौर पर 'ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन' बनाने के आरोप में 50 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। ऑक्सीटोसिन का उपयोग दुधारू पशुओं में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए किया जाता है। इसका पशुओं के साथ-साथ उस दूध को पीने वाले लोगों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मंगलवार को कल्याण कस्बे में एक परिसर में छापा मारा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 1.59 लाख रुपये मूल्य की ऑक्सीटोसिन दवा की 1,067 बिना लेबल वाली बोतलें और इंजेक्शन बनाने में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री भी बरामद की है।









# दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने वालों का लगा तांता

आम से लेकर खास हर किसी ने अर्पित किए...

# श्रद्धा के फूल



नीता अंबानी, मंत्री पीयूष गोयल, मुकेश अंबानी।



शरद पवार



उद्धव ठाकरे



अजीत पवार, देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र सीएम शिंदे।



फिल्म स्टार आमिर खान



क्रिकेटर रवि शास्त्री







*मुंबई। दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का बुधवार देर रात निधन हो गया था। गुरुवार को टाटा का पार्थिव शरीर दक्षिण मुंबई में नरीमन प्वाइंट स्थित 'राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केंद्र' (एनसीपीए) में लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। उनके आखिरी दर्शन के लिए आम या खास हर कोई एनसीपीए में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचा। गेट के बाहर लोगों के लंबी कतार लगी थी, जहां लोग फूल माला लेकर उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए इंतजार करते दिखे।*



टाटा संस के चेयरमेन एन चंद्रशेखरन (बाएं) व रतन टाटा के यंग असिस्टेंट शांतनु नायडु (दाएं)।



अंतिम दर्शन के लिए लगी लंबी कतारें।

## टैक्सी में बैठकर अंतिम दर्शन को पहुंचा 'गोवा'



रतन टाटा के अंतिम दर्शन के लिए उनका पालतू डॉग गोवा भी एनसीपीए पहुंचा। इस स्ट्रीट डॉग का नाम खुद रतन टाटा ने गोवा रखा था। ये स्ट्रीट डॉग बॉम्बे हाउस में रहता है। 11 साल पहले टाटा कर्मचारी काम के लिए गोवा गए थे और उन्हें सड़क पर एक कुत्ता मिला, जिसे वे अपने साथ मुंबई ले आए। उन्होंने कुत्ता का नाम गोवा रख दिया, क्योंकि वह उन्हें गोवा में मिला था। ये स्ट्रीट डॉग गोवा पिछले 11 सालों से रतन टाटा के आवास पर रह रहा है।



सीनियर सिटीजन भी अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे।

# जम्मू कश्मीर की सत्ता से कांग्रेस को बाहर रखने बिछी बिसात, नेशनल कांफ्रेंस की सरकार ले सकती है आकार

शिशिर सोनी ▸▸| नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

जम्मू कश्मीर की सूबाई सियासत में इसबार कौन सत्तानशीं होगा, जवाब के लिए शह और मात का खेल नये शुरू हो चुका है। बाजीगरी बिछ चुकी है। कांग्रेस पार्टी और नेशनल कांफ्रेंस चुनाव पूर्व गठबंधन में थे, मगर केवल छह सीटें जीतने के बाद कांग्रेस पार्टी को सत्ता से दूर रखने के लिए तील-तिकडम भिडाये जा रहे हैं। उसी कडी के तहत एक के बाद निर्दलीय विधायक नेशनल कांफ्रेंस को समर्थन का एलान कर रहे हैं। मंगलवार को चार निर्दलीय विधायकों ने फारुख अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कांफ्रेंस को समर्थन का एलान किया। मसला साफ है, नेशनल कांफ्रेंस के नेतृत्व में सरकार बने, मगर माइनस कांग्रेस।

जाहिर है ये बिसात किसी और की है, खेल कोई और रहा है! पर, खेल तो हो रहा है। भाजपा जम्मू रीजन से 29 सीटें जीतकर राजनीतिक रूप से बेहद स्वस्थ है। तीन अन्य निर्दलीय विधायकों ने भाजपा का समर्थन किया है। ये भी आश्चर्यजनक है। आमतौर पर निर्दलीय विधायकों का रुझान सत्ता खेमे की तरफ होता है। बहरहाल, जम्मू कश्मीर की 90 विधायकों वाली विधानसभ में सत्ता के लिए 46 विधायकों की गिनती चाहिए, मगर उपराज्यपाल द्वारा मनोनीत अन्य 5 विधायकों की गिनती को जोड दिया जाए तो मुख्यमंत्री की शपथ के लिए 48 विधायकों का समर्थन जरूरी होगा।

हरियाणा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की शिकस्त के बाद नेशनल कांफ्रेंस का नेतृत्व इस बात का गुणाभाग कर रहा है कि कांग्रेस और भाजपा के बिना अगर सरकार बनाने का मौका मिले तो कैसे आगे बढना चाहिए? दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व में सरकार है। राज्य अभी केंद्रशासित है। जाहिर है दिल्ली से दोस्ती नहीं रही तो उपराज्यपाल वैसे ही सर्वशक्तिमान रहेगा जैसा दिल्ली में है। सरकार नेशनल कांफ्रेंस के नेतृत्व में भले ही बन जाए कमान उपराज्यपाल के हाथों में ही रहेगी। दिल्ली साथ रहा तो संपूर्ण राज्य का दर्जा लेना बनिस्पत आसान होगा। जाहिर है इसके लिए भाजपा का परोक्ष समर्थन फारुख अब्दुल्ला नीत नेशनल कांफ्रेंस को रहेगा। नेशनल कांफ्रेंस सीधे भाजपा से समर्थन के बजाय उपराज्यपाल द्वारा मनोनीत 5 विधायकों का समर्थन लेकर 51 विधायकों के साथ फुल मेजोरिटी की सरकार बनाने के फार्मूले पर भी काम कर रही है। ये बिना भाजपा की मदद के संभव नहीं। अगर ऐसा हुआ तो जिन 3 निर्दलीय विधायकों ने भाजपा का साथ अभी दिया है उनको भी राज्य सरकार की गठबंधन में शामिल करा कर आंकडा 54 पहुंचा दिया जाएगा। मगर, ये सब करने से नेशनल कांफ्रेंस की पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी पर सवालिया निशान लगेंगे तो कैसे निपटना है, इसके जवाब पर काम हो रहा है। महबूबा मुफ्ती की पीडीपी से मदद लेनी है या नहीं इस पर भी नेशनल कांफ्रेंस में विचार हो रहा है। चुनाव के बाद नेशनल कांफ्रेंस के सुप्रीम फारुख अब्दुल्ला और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के बीच पहलगाम के एक रिसॉर्ट में हुई कथित बैठक पर अबर रंगत चढने लगा है। किसी भी शय में नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला जम्मू कश्मीर के अगले सीएम होंगे ये तय है। बस सवाल ये है कि माइनस-कांग्रेस, या प्लस-कांग्रेस!

लाओस में प्रधानमंत्री मोदी ने 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

# 'विश्व में संघर्षों और तनावों के समय भारत-आसियान मित्रता महत्वपूर्ण'

हरिभूमि न्यूज ▸▸| विएंतियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऐसे समय में जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं, भारत-आसियान मित्रता बहुत महत्वपूर्ण है। यहां 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने 10 साल पहले 'एक्ट ईस्ट नीति' की घोषणा की थी और पिछले दशक में इसने भारत और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को नयी ऊर्जा, दिशा और गति दी है। उन्होंने कहा, "पिछले दशक में भारत-आसियान व्यापार दोगुना होकर अब 130 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका मानना है कि 21वीं सदी, जिसे एशियाई सदी भी कहा जाता है, भारत और आसियान देशों की सदी है। उन्होंने कहा, "ऐसे समय में जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं, भारत-आसियान मैत्री, समन्वय वार्ता और सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है।"



## लाओस में मोदी-मोदी...भारतीय समुदाय ने किया जोरदार स्वागत

यूं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विदेश यात्राओं के दौरान दुनिया के जिस भी देश में जाते हैं। वहां रह रहे भारतीय समुदाय द्वारा उनका बढ़-चढ़कर स्वागत किया जाता है। लेकिन जब बात साढ़े 75 लाख की आबादी वाले दक्षिण पूर्व एशियाई देश लाओस की आती है तो चर्चा करना लाजमी हो जाता है। क्योंकि गुरुवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत जैसे ही प्रधानमंत्री राजधानी वियनतियाने के होटल डबल ट्री पहुंचे, तो जिस तरह से वहां बड़ी तादाद में मौजूद भारतीयों ने गायत्री मंत्रोत्चार, असम के पारंपरिक बिहू नृत्य के साथ स्थानीयों का हिंदी बोलते हुए जोरदार अंदाज में किया गया उनका स्वागत काबिले तारीफ है।




## 40 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मोदी सरकार की मंजूरी

# हिंदुस्तान में बनेंगी दो न्यूक्लियर सबमरीन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मोदी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्र की कैबिनेट कमेटी और सिक्योरिटी ने दो स्वदेशी न्यूक्लियर पनडुब्बियों को बनाने की इजाजत दे दी है। इनका निर्माण विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर में किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि इन्हें बनाने में निजी कंपनियों की भी मदद ली जा सकती है। अरिहंत क्लास से यह पनडुब्बियां अलग होंगी। एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली इन पनडुब्बियों के निर्माण के बाद हिंद महासागर क्षेत्र और दक्षिण चीन सागर में नौसेना की ताकत अधिक हो जाएगी।



### नौसेना की ताकत में होगा और इजाफा

पहले चरण में दो पनडुब्बियों का निर्माण किया जा रहा है। यह सौदा लंबे समय से लटका हुआ था और भारतीय नौसेना इस पर जोर दे रही थी। यह भारत की अंडरवॉटर रक्षा क्षमता की कमी दूर करने के लिए महत्वपूर्ण जरूरत थी। जानकारी के मुताबिक दो पनडुब्बियों का निर्माण होने के बाद 4 और पनडुब्बियों का निर्माण किया जा सकेगा।

### क्या है प्रीडेटर की खासियत

एमक्यू-9बी ड्रोन 40 हजार फुट से भी अधिक ऊंचाई पर उड़ान भर सकते हैं। इनमें 40 घंटे तक उड़ान भरने की क्षमता है। चीनी ड्रोन के मामले में यह काफी आधुनिक और सटीक हमले के लिए जाने जाते हैं। इन्हें हेलफायर एयर-टू-ग्राउंड मिसाइलों और स्मार्ट बमों से लैस किया गया है। भारत अमेरिका के साथ जो डील कर रहा है उसमें 170 हेलफायर मिसाइलें, 310 **GBU-39B** प्रेसिजन-गाइडेड ग्लाइड बम, नेविगेशन सिस्टम, सेंसर सूट और मोबाइल ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम शामिल हैं।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाइं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर
9644099925
SBH
साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130


हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## मंदिरों में हवन-पूजन आज

### एक साथ मनाई जाएगी अष्टमी-नवमी





**ऐसा है मुहूर्त**

**ब्रह्म मुहूर्त**
सुबह 4 बजकर 41 मिनट से 5 बजकर 30 मिनट तक

**विजय मुहूर्त -**
दोपहर 2 बजकर 03 मिनट से 2 बजकर 50 मिनट तक

**गोधूलि मुहूर्त -**
शाम 5 बजकर 55 से 6 बजकर 20 मिनट तक

**निशिता मुहूर्त -**
रात्रि 11 बजकर 43 मिनट से 12 बजकर 33 मिनट तक

### रवि, सिद्धि और बुधादित्य राजयोग का भी निर्माण

*शारदीय नवरात्र की अष्टमी-नवमी तिथि पर शिववास योग का संयोग बन रहा है। इस शुभ तिथि पर देवों के देव महादेव जगत की देवी मां गौरी के साथ रहेंगे। शिववास योग दिन भर है। इस दौरान* ▸▸ शेष पेज 2 पर

### दोनों तिथियां एक साथ

अष्टमी और नवमी तिथि एक साथ मनाई जाएगी। देवी मंदिर में हवन शुक्रवार को ही होगा।

- पं.मनोज शुक्ला, महामाया मंदिर

*यह ज्योतिष कार्यों के लिए शुभ*

# दोपहर 12.06 मिनट को समाप्त हो जाएगी अष्टमी तिथि, रात्रि 2.47 तक सुकर्मा योग


हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नवरात्रि विशेष

आज देवी मंदिरों में अष्टमी-नवमी तिथि एक साथ मनाई जाएगी। सूर्योदय के समय अष्टमी तिथि व्याप्त रहेगी। वैदिक पंचांग के अनुसार, शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 06 मिनट तक है। इसके बाद नवमी तिथि शुरू हो जाएगी। चूंकि अष्टमी और नवमी तिथि के संधिकाल में हवन का विधान है, इसलिए अष्टमी और नवमी दोनों आज मान्य होते हुए एक ही तिथि में मनाई जाएगी। साधक दिन की बेला में व्रत रख मां दुर्गा की उपासना कर सकते हैं। राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के देवी मंदिरों में शुक्रवार को ही हवन-पूजन किया जाएगा। आज कई योग-संयोग भी बन रहे हैं। जिसमें पूजन का फल कई गुना अधिक होगा। ज्योतिषाचार्यों के ▸▸ शेष पेज 2 पर



## नगर कल्याण के लिए 150 वर्षों से दो ज्योति कलश प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

रियायतकालीन शहर की कुलदेवी मां शीतला के मंदिर में प्रतिवर्ष क्वांर नवरात्रि के अवसर पर नगर कल्याण के लिए यहां दो ज्योति कलश मंदिर के गर्भ गृह में प्रज्ज्वलित की जाती है। यह सिलसिला लगभग 150 वर्षों से जारी है। मां शीतला मंदिर की स्थापना रियासत काल में यहां के ▸▸ शेष पेज 2 पर

■ रियासतकालीन शहर की कुलदेवी मां शीतला के मंदिर में अनूठी परंपरा

### सिद्ध शक्तिपीठ के रूप में स्थापित

*सिद्ध शक्तिपीठ मां शीतला के मंदिर का खास महत्व है। यहां आने वाले सैकड़ों ऐसे श्रद्धालु हैं, जो प्रतिदिन माता के दर्शन के बाद ही अपनी दिनचर्या की शुरूआत करते हैं। इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होती है और यहां आकर उन्हें सुख और शांति का अनुभव होता है।*

### देश विदेश से स्थापित ज्योति कलश

मां शीतला मंदिर में इस वर्ष क्वारं नवरात्रि में 1550 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है, जिसमें 1380 तेल की ज्योति और 170 घी की ज्योति कलश है। यहां मनोकामना ज्योति कलश स्थापित करने वाले श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा ▸▸ शेष पेज 2 पर

# नवा रायपुर के सीएम हाउस में पूजा के बाद अब साय ने दफ्तर में की काम की शुरुआत

### कहा- यह प्रदेश की 3 करोड़ जनता का निवास जनहित के लिए सदैव खुले हैं दरवाजे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को नवा रायपुर सेक्टर 24 स्थित अपने निवास कार्यालय में विधिवत कामकाज की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी देते हुए कहा, यह प्रदेश की 3 करोड़ जनता का निवास है, जिसके दरवाजे जनहित के लिए सदैव खुले हैं। उनके औपचारिक तौर पर नए निवास से कामकाज शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री सचिवालय के सचिव पी. दयानंद, राहुल भगत, बसव राजू, ▸▸ शेष पेज 2 पर



### 8 एकड़ में बना है सीएम हाउस

*सेक्टर-24 में 8 एकड़ के विशाल भूखंड में 65 करोड़ की लागत से सीएम हाउस बना है। सीएम हाउस में 6 बेडरूम, फैमिली और लिविंग रूम, प्राइवेट थियेटर, हेल्थ सेंटर और बड़ी लाइब्रेरी होगी। यहां पर मुख्यमंत्री जनदर्शन के लिए एक हाल अलग से बनाया गया है। जब पूरी* ▸▸ शेष पेज 2 पर

### तीन मंत्रियों को आवंटन, शेष को भी जारी होगा

नवा रायपुर के सेक्टर-24 में छत्तीसगढ़ सरकार के कई मंत्रियों के बंगले तैयार हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, मंत्री और नेता प्रतिपक्ष के बंगले 2 एकड़ में बनाए गए हैं। इसके अलावा अधिकारियों के लिए ▸▸ शेष पेज 2 पर

### इधर, केंद्र ने छत्तीसगढ़ को दिए 6070 करोड़, साय ने माना आभार

भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ को कर हस्तांतरण के तहत 6070 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि त्योहारों के मौके ▸▸ शेष पेज 2 पर







## चिंतन

# सदियों तक युवाओं को प्रेरणा देते रहेंगे रतन नवल टाटा

वो लोग विरले ही होते हैं, जो धरा से जाने के बाद भी शताब्दियों तक न केवल याद किए जाते हैं, बल्कि देश, समाज उन्हें प्रेरक के रूप में प्रस्तुत करके युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करता है। ऐसे ही महान थे रतन नवल टाटा। रतन की सफलता की कहानी केवल व्यवसाय या उनके उद्योगों तक सीमित नहीं थी। उन्होंने हमेशा समाज की भलाई के लिए काम किया। टाटा ट्रस्ट के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं चलाईं। उनका मानना था, 'सफलता का असली अर्थ है दूसरों की भलाई में योगदान करना। वे कहा करते थे, हमेशा याद रखें कि असली उद्यमिता वही है जो समाज को बदलने के लिए काम करे। कौन भूल सकता है कोरोना के भयानक कालखंड को जब रतन टाटा ने खुद को समाज के लिए समर्पित कर दिया। केवल इतना ही नहीं उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने और गरीबों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएं बनाईं। टाटा ट्रस्ट के माध्यम से उन्होंने कई अस्पतालों की स्थापना की और कई शिक्षण संस्थानों की मदद की। उनका एक प्रसिद्ध वक्तव्य है, 'मैं अपने देश के लिए एक सपना देखता हूं, जहां हर व्यक्ति को अपने अधिकार मिलें।' उन्होंने समाज में बदलाव लाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया कि वे अपने सपनों के पीछे दौड़ें और समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। 28 दिसंबर 1937 की शाम, मुंबई के एक मध्यवर्गीय परिवार में जन्मे रतन नवल टाटा बताते थे कि मां सूनी और पिता नवल टाटा ने हमेशा उन्हें प्रेरित किया कि वे शिक्षा पर ध्यान दें। रतन की शिक्षा मुंबई में हुई और वह एक बुद्धिमान और मेहनती छात्र बने। हालांकि, उनकी जिंदगी में कठिनाइयां भी थीं। जब रतन केवल 10 साल के थे, उनके माता-पिता का तलाक हो गया। यह कठिन समय था, लेकिन इसने रतन को और मजबूत बना दिया। वह अपनी दादी के पास रहने लगे, जो उन्हें जीवन के मूल्यों और संघर्षों के बारे में सिखाती थीं। रतन ने अपनी उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका की कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया, जहां उन्होंने आर्किटेक्चर और मैनेजमेंट की पढ़ाई की। उनकी शिक्षा ने उन्हें व्यापक दृष्टिकोण दिया, लेकिन उन्हें अपने देश से दूर रहने का गहरा अहसास भी हुआ। अमेरिका में पढ़ाई करते समय उन्होंने अपने दादा की बातें याद कीं, 'यदि आप अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं, तो आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। उनका परिवार भारतीय उद्योग के पितामह, जमशेदजी टाटा से जुड़ा हुआ था। उनके दादा ने भारतीय उद्योग की नींव रखी और कई महत्वपूर्ण संस्थानों की स्थापना की। रतन को बचपन से ही अपने दादा के कार्यों का प्रभाव महसूस हुआ। उन्होंने अपने दादा की कहानियों को सुना और हमेशा यही सोचा कि क्या वह भी एक दिन उनके पदचिह्नों पर चल सकेंगे। 1991 में, रतन टाटा ने टाटा समूह का नेतृत्व संभाला तो समूह को चार चांद लगा दिए। रतन टाटा की जीवनगाथा यह साबित करती है कि सपनों को साकार करने के लिए संघर्ष करना ही असली सफलता है। उन्होंने अपने जीवन में जो उपलब्धियां हासिल कीं, वे हमें प्रेरित करती रहेंगी। उनकी कहानी हर युवा के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी, यह दिखाते हुए कि कठिनाईयों के बावजूद, अगर आपके इरादे मजबूत हों, तो आप किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। रतन टाटा की विरासत आज भी जीवित है। उनके विचार और कार्य हमें सिखाते हैं कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमें हमेशा एक कदम आगे बढ़ना चाहिए।

# विरले ही होते हैं रतन टाटा जैसे




स्मृति शेष
विवेक शुक्ला

भारत रत्न रतन टाटा का बुधवार देर रात निधन हो गया। वे दूरदर्शी उद्योगपति और परोपकारी इंसान थे। देखिए धन कुबेर तो हर दौर में होते रहेंगे और नए-नए बनते रहेंगे। पर रतन टाटा जैसे तो विरले ही होते हैं। टाटा ग्रुप के चेयरमेन पद को छोड़ने के बाद वे स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे परोपकारी कार्यों पर अधिक फोकस कर रहे थे। रतन टाटा जब किसी मंच से बोलते थे तो उसे सबको सुनना पड़ता था। रतन टाटा एक संत पुरुष थे। वे यूं ही इंटरव्यू भी नहीं देते थे। उनसे अधिक धनी कौन होगा, पर उनका सारा जीवन बेहद सादगी भरा रहा। सभी को रतन टाटा से प्रेरणा लेनी चाहिए। बेशक, सदियों में जन्म लेती हैं रतन टाटा जैसी शख्सियतें।

रतन टाटा दूरदर्शी उद्योगपति और परोपकारी इंसान तो थे ही, पर उन्होंने एन. चंद्रशेखर को टाटा ग्रुप का चेयरमेन बनाकर साबित किया था कि मेरिट से बढ़कर कुछ भी नहीं हो सकता। वे चाहते तो टाटा ग्रुप की कमान अपने किसी भाई या परिवार के सदस्य को सौंप सकते थे। उन्होंने साइरस मिस्त्री को टाटा ग्रुप के चेयरमेन पर इसलिए नहीं रहने दिया, क्योंकि साइरस मिस्त्री टाटा ग्रुप के परोपकार से जुड़े कामों के लिए पैसा देने के लिए बहुत उदार रवैया नहीं अपना रहे थे। साइरस मिस्त्री टाटा ग्रुप के चेयरमेन सिर्फ इसलिए बन गए थे, क्योंकि उनके परिवार के स्वामित्व वाले ग्रुप शापुरजी पंलजी की टाटा ग्रुप में सर्वाधिक शेयरहोल्डिंग थीं। उनके हटने के बाद एन. चंद्रशेखरन टाटा ग्रुप के पहले गैर-पारसी चेयरमेन हैं।

रतन टाटा ने अपने वरिष्ठों के द्वारा स्थापित मूल्यों और परंपराओं को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपने समूह को एक ऐसी विरासत में बदला, जिसका भविष्य प्रकाशमान है। वे जमशेदजी टाटा और जेआरडी टाटा के सच्चे वारिस के रूप में याद किए जाएंगे। रतन टाटा 1991 से 2012 तक टाटा ग्रुप के चेयरमेन रहे। फिर अक्तूबर 2016 से लेकर फरवरी 2017 तक टाटा ग्रुप के चेयरमेन रहे। फिर वे अंत तक टाटा ग्रुप के मानद चेयरमेन रहे। उन्होंने रोजमर्रा के कामकाज से अपने को अलग कर लिया था, पर टाटा ग्रुप अपने अहम फैसले लेते हुए उनके अनुभव का लाभ तो उठाता ही था। माना जाता है कि टाटा ग्रुप ने एयर इंडिया का अधिग्रहण रतन टाटा की सलाह पर किया था। वे चाहते थे उनका समूह एयर इंडिया का अधिग्रहण कर ले। आखिर एयर इंडिया पहले टाटा समूह के पास ही थी, इसलिए टाटा ग्रुप एयर इंडिया को लेकर भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ भी था। रतन टाटा उन इंसानों में से नहीं थे जो अपनी कुर्सी से चिपके रहना पसंद करते हैं। उन्होंने वक्त रहते ही टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार करना शुरू दिया था। ये तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, इसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी के प्रमोटर, चेयरमेन या किसी संस्थान के जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। रतन टाटा की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी ने रतन टाटा को 'एक दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान' कहा। रतन टाटा सुर्खियों से दूर रहना पसंद करते थे और एक शर्मीले अकेले व्यक्ति की सार्वजनिक छवि पेश करते थे। उन्होंने कभी शादी नहीं की, लेकिन अपने करियर के अंत में वह एक बड़े विवाद में फंस गए जब उन्होंने टाटा के बोर्ड को अपने चुने हुए उत्तराधिकारी को हटाने के लिए राजी कर लिया। इसी मुकदमेबाजी को हल होने में कई साल लग गए और यह केस मीडिया की सुर्खियों में रहा। रतन नवल टाटा का जन्म 28 दिसंबर, 1937 को मुंबई में हुआ था। उनका परिवार पारसी था, जिसके पूर्वजों ने सदियों पहले फारस में उत्पीड़न से तंग आकर भारत में शरण ली थी। रतन को



अपने पिता नवल टाटा से बिजनेस की बारीकियों को जानने का मौका मिला। नवल टाटा भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष भी रहे, पर रतन टाटा का हॉकी से कोई वास्ता रहा हो, इसकी जानकारी नहीं मिलती। नवल टाटा ने अपने सुनी टाटा से शादी की, लेकिन जब रतन और उनके छोटे भाई, जिमी बहुत छोटे थे, तब वे अलग हो गए। दोनों का पालन-पोषण उनके दादाजी ने किया। रतन टाटा की मां के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिलती।

देखिए धन कुबेर तो हर दौर में होते रहेंगे और नए-नए बनते रहेंगे। पर रतन टाटा जैसे तो विरले ही होते हैं। टाटा ग्रुप के चेयरमेन पद को छोड़ने के बाद वे स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे परोपकारी कार्यों पर अधिक फोकस कर रहे थे। बताइए कि हाल के बरसों में भारत के किस प्रधानमंत्री ने रतन टाटा से देश के विकास से जुड़े सवालों पर सलाह नहीं ली? उन्हें यह मुकाम इसलिए नहीं मिला था कि वे टाटा ग्रुप के चेयरमेन रहे थे। उन्हें यह सम्मान इसलिए मिलता था, क्योंकि वे विश्व नागरिक बन चुके थे। वे टाटा ग्रुप को दुनिया के एक दर्जन से अधिक देशों में ले गए थे। रतन टाटा अपने जीवन के हर पल को सार्थक बनाने में जुटे रहे। बेशक मानव जीवन क्षणभंगुर हो फिर भी उसे इंसान को अपने सतकर्म से सार्थक बनाना चाहिए। अंधकार का साम्राज्य कितना बड़ा होता है कि सूर्य भी उसे दूर न कर सके, पर एक कोने में पड़ा हुआ छोटा सा दीपक अपने अंत समय तक अंधेरे से मुकाबला करता रहता है। रतन टाटा ने अपने को दीपक जैसा बना लिया था। उनका करियर बेदाग रहा है। उनके ग्रुप की किसी कंपनी पर कभी किसी तरह का आरोप नहीं लगा। उन पर कभी किसी बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान से धन लेने के बाद उसे वापस न करने का आरोप नहीं लगा है। आप जानते हैं कि हाल के दौर में कितने भारतीय उद्यमियों ने जल्दी पैसा कमाने के फेर में कितने पाप किए हैं। रतन टाटा ने केवल एक विशाल साम्राज्य का विस्तार ही नहीं किया, बल्कि उन्होंने भारत के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी दूरदृष्टि ने उन्हें एक महान उद्योगपति के रूप में स्थापित किया। रतन टाटा की सबसे बड़ी विशेषता उनकी दूरदृष्टि और नवोन्मेष की क्षमता थी। उन्होंने टाटा समूह को 21वीं सदी के लिए तैयार किया, नए क्षेत्रों में प्रवेश किया और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा की। उन्होंने टाटा मोटर्स को दुनिया में सबसे बड़ी कार निर्माताओं में से एक बनाया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को एक वैश्विक आईटी दिग्गज में बदला और टाटा स्काई को देश के प्रमुख डीटीएच सेवा प्रदाताओं में से एक बनाया। रतन टाटा एक प्रेरणादायक लीडर थे, जिन्होंने अपने कर्मचारियों को प्रेरित करके और उनके प्रति सम्मान दिखाकर सकारात्मक कार्य संस्कृति का निर्माण किया। उन्होंने लोगों के विकास को प्रोत्साहित किया। रतन टाटा ने अपनी निष्ठा, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों के साथ दुनियाभर में विश्वास और सम्मान अर्जित किया। उनकी सत्यनिष्ठा ने उन्हें एक आदर्श व्यक्ति बनाया। रतन टाटा का समाज, देश और दुनिया पर गहरा प्रभाव पड़ा। रतन टाटा खूब पढ़ने लिखने वाले शख्स थे। उनके मुंबई के कोलाबा स्थित बंगले में खासी समृद्ध लाइब्रेरी है। उसमें बिजनेस, मैनेजमेंट, मोटिवेशन जैसे विषयों की किताबें रखीं हैं। वे इन्हें पढ़ते थे। उन्हें बागवानी का भी गजब का शौक था। वे सुबह-शाम मालियों से अपने बंगले में लगे पेड़-पौधों की सेहत पर अवश्य बात करते। उन्हें निर्देश देते थे।

रतन टाटा जब किसी मंच से बोलते थे तो उसे सबको सुनना पड़ता था। रतन टाटा एक संत पुरुष थे। वे यूं ही इंटरव्यू भी नहीं देते थे। उनसे अधिक धनी कौन होगा, पर उनका सारा जीवन बेहद सादगी भरा रहा। भारत के सभी कारोबारियों को रतन टाटा से प्रेरणा लेनी चाहिए। बेशक, सदियों में जन्म लेती हैं रतन टाटा जैसी शख्सियतें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और रिसर्च स्कॉलर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## देहावसान

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया



# सीरत के धनकुबेर रतन टाटा

जिंदगी भर कारोबार... कारोबार... बस कारोबार... जिद, जुनून और लगन के चलते बिज़नेस के सिवा कुछ नहीं किया। ठोस फैसले लेते गए.. सही साबित भी करते गए... दुनिया इन्हें रतन नवल टाटा के नाम से जानती है। भारत के सबसे बड़े और ईमानदार उद्योगपतियों में से एक रतन टाटा इतनी कमाई के बावजूद दुनिया के धनकुबरों की सूची में इसीलिए शुमार नहीं हो पाए, क्योंकि वह अपनी कमाई का 65 प्रतिशत हिस्सा दान कर देते थे। टाटा यूं तो कम ही बोलते थे, लेकिन जब बोलते थे, बेलौस। किसी को बुरा लगे तो लगे। हकीकत से उन्होंने कभी मुंह नहीं मोड़ा। वह महामारी के चलते कॉर्पोरेट जगत में छंटनी, उद्योगपतियों की नैतिकता सरीखे फैसलों पर आहत रहे। कहते थे, कॉर्पोरेट जगत की टॉप लीडरशिप में सहानुभूति की कमी हो गई है। कोरोना के मुश्किल दौर में उद्यमियों और कंपनियों के लिए लम्बे समय तक काम करने और अच्छा प्रदर्शन करने वाले कारिंदों के प्रति संवेदनशीलता जरूरी है। ये वे लोग हैं, जिन्होंने अपना पूरा करियर कंपनी के लिए लगा दिया है। संकट के समय आप इन्हें सपोर्ट करने की जगह बेरोजगार कर रहे हैं। वे मानते, मुनाफा कमाना गलत नहीं है, लेकिन यह काम नैतिकता से करना जरूरी है। यह सवाल बहुत जरूरी है, आप मुनाफा कमाने के लिए क्या-क्या कर रहे हैं? यह सवाल खुद से लगातार पूछते रहना चाहिए, वे जो फैसले ले रहे हैं, क्या वे सही हैं? वह कंपनी ज्यादा दिन सर्वाइव नहीं कर सकती है, जो अपने स्टाफ को लेकर संवेदनशील नहीं है। टाटा ग्रुप की कंपनियों में एयरलाइंस, होटल बिज़नेस, फ़ाइनेंशियल सर्विसेज, ऑटो बिज़नेस शुमार हैं। ये ऐसे सेक्टर हैं, जहां कोरोना महामारी का सर्वाधिक असर हुआ था। बावजूद इसके टाटा ग्रुप ने एक भी कर्मी को नौकरी से नहीं निकाला था। सिर्फ सॉफ्टवेयर समूह ने अपने शीर्ष मैनेजमेंट के वेतन में 20 पर्सेंट की कटौती की थी। दरियादिली में पीछे नहीं रहे। कोरोना से निपटने के लिए टाटा समूह ने पीएम केयर्स फंड में 1500 करोड़ का दान किया। लेजंडरी उद्योगपति रतन टाटा मानते रहे, मंदी के दौर में बने रहने के लिए आपको जो उचित और आवश्यक लगता है, उसके सन्दर्भ में आपको बदलना होगा। कोरोना संकट के दौर में कोई निश्चित तरीके से व्यापार करना जारी नहीं रख सकता है। इस महामारी के दौरान वर्क फॉर्म होम अच्छा उपाय है। ले-ऑफ कंपनी की समस्याओं को हल करने में मदद नहीं करेगा। रतन टाटा का मानना रहा, कोई भी बिज़नेस करते समय दो चीजों पर ध्यान देना हमेशा जरूरी है। पहला, किसी भी सिचुएशन में अपने स्टेकहोल्डर्स या शेयरहोल्डर्स से सामना करना। दूसरा निचले तबके के कर्मचारियों को भी समझना। अगर कंपनी से जुड़ा कोई भी व्यक्ति नाराज है तो उसका कोई न कोई कारण होता ही है। उसका सोल्युशन निकालना भी जरूरी है। जिस वक्त उन्हें टाटा मोटर्स का चेयरमैन बनाया गया था, उसके कुछ समय बाद कंपनी में बहुत बड़ी स्ट्राइक हुई थी। उन्होंने उन दिनों 3 से 4 दिन प्लांट में ही बिताए। सभी को यह भरोसा दिलाया था, हम एक हैं। उन्होंने कहा था कि अगर कोई भी कंपनी, कस्टमर या वर्कर अपने एथिक्स भूल जाता है तो उसे एक वक्त पर उसका खामियाज़ा भुगतना ही होगा। कोविड की स्थिति में आपके पास भागने का विकल्प नहीं था। आपको यह स्वीकार करना था कि आपको परिस्थितियों के मुताबिक बदलना ही होगा। इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है 'वर्क फ्रॉम होम'। ऐसा पहली बार हुआ जब वर्कर्स को उनके वर्कप्लेस से फर्क नहीं पड़ा। किसी भी परिस्थिति में काम चालू रखना एक बड़ी बात है। पद्मभूषण और पद्मविभूषण से सम्मानित इंडस्ट्री के इस बड़े खिलाड़ी रतन टाटा ने कोरोना के दौरान एक पोर्टल को पहली बार बहुमूल्य राय साझा की थी कि आपको उन बातों में बदलाव करना होगा, जिन्हें आप अच्छा मानते हैं या जो जिन्दा रहने के लिए जरूरी हैं। किसी भी व्यक्ति को अपनी ख्याली दुनिया से ज्यादा सच्ची असफलता के बारे में चर्चा करनी चाहिए। कटु सत्य यह है कि हर कोई स्पॉटलाइट के पीछे है। उस सफलता को लोग प्रॉफिट से ही नापते हैं, इसीलिए आप प्रॉफिट को कभी इग्नोर नहीं कर सकते। सवाल यह है कि उस प्रॉफिट को कमाने के लिए करना क्या है? उन्होंने उम्मीद जताई थी कि भारत की युवा शक्ति रचनात्मकता के आधार पर दुनिया में पॉवरहाउस बनकर उभरेगी। हमें ज्यादा क्रिएटिव और इन्नोवेटिव बनने की दरकार है। रतन टाटा अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन इस महान हस्ती की हजारों-हजार प्रेरक कहानियां अनुकरणीय हैं। कामगारों के मसीहा को विनम्र श्रद्धांजलि।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और रिसर्च स्कॉलर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन की कड़वाहट मिटाने से समरसता आएगी



संकलित
## दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

# अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित
## प्रेरणा

एक गांव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहां जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहां चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियाँ हो गया। चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया- 'तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।'

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आधुनिकता को तरस रहा डाक विभाग

दुनियाभर में 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को डाक विभाग की जानकारी से अवगत करवाया जाना भी है। वर्ष 1874 में स्वीडन की राजधानी बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) की स्थापना होने के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है, जबकि 9 अक्तूबर 1969 को टोक्यो में यूपीयू की बैठक में इस दिवस की घोषणा की गई थी। उसी समय से सारी दुनिया के लगभग 150 देश इस दिवस को विभिन्न तरीकों से मनाते हैं। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। देश-दुनिया में दूर-दूर बैठे अपने परिवारजनों, सगे संबंधियों और मित्रों से संपर्क बनाए रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए प्राचीन काल से ही पत्राचार द्वारा भी संपर्क किया जा रहा है। आज भारत में डाक विभाग के आधुनिकीकरण की सख्त जरूरत है, ताकि उसका अस्तित्व बना रहे।

*- संतोष जैन, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# संयुक्त राष्ट्र ने फ्लेचर को नया मानवीय प्रमुख बनाया

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने बुधवार को पूर्व ब्रिटिश राजनयिक टॉम फ्लेचर को विश्व निकाय का नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया। वर्तमान में ऑक्सफोर्ड के हर्टफोर्ड कॉलेज के प्रिंसिपल और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के कॉन्फ्रेंस ऑफ कॉलेजेज़ के उपाध्यक्ष फ्लेचर अपने ब्रिटिश साथी मार्टिन ग्रिफिथ्स का स्थान लेंगे। ग्रिफिथ्स ने जून के अंत में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए मानवीय मामलों के अवर महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया था। नियुक्ति की घोषणा करने वाले संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि कार्यवाहक संयुक्त राष्ट्र मानवीय प्रमुख जॉयस मसूया तब तक इस पद पर बने रहेंगे जब तक कि फ्लेचर कार्यभार नहीं संभाल लेते। हक ने फ्लेचर को "अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त एक संचारक बताया जिन्होंने अपनी पुस्तकों और लेखन संबंधी कार्यों के माध्यम से विकास, कूटनीति, प्रौद्योगिकी और लोकतंत्र के क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञता और सार्वजनिक कूटनीति का मिश्रण प्रस्तुत किया है।" अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि अमेरिका "तत्काल मानवीय संकटों से निपटने के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करने और तेज करने के लिए" फ्लेचर के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर है।



## ऑफ बीट

# आप अपने बच्चे को आत्म नियमन सीखने में करे मदद

जीवनभर हमें अपने विचारों और व्यवहार को प्रबंधित करने में सक्षम होने की जरूरत पड़ती है। हमें विभिन्न लक्ष्यों को हासिल करने और दूसरों के साथ तालमेल बैठाने के लिए ऐसा करने की जरूरत होती है, यहां तक कि यदि हमारी राह में ध्यान भटकाने वाली अन्य चीजें और आवेग आएं तो भी ऐसा करने की जरूरत होती है। यह हमारी आत्म-नियमन करने की क्षमता है, और यह तीन से पांच साल की उम्र के बीच विकसित होना शुरू हो जाती है। मैं और मेरे सहकर्मी इस बात पर शोध कर रहे हैं कि बच्चों को आत्म-नियमन सीखने में मदद करने के लिए माता-पिता क्या कर सकते हैं। क्या करें और क्या न करें? आत्म नियमन क्यों महत्वपूर्ण है? एक बच्चे की आत्म नियमन करने की क्षमता का अल्पकालिक परिणामों जैसे दोस्त बनाना और बनाए रखना, स्कूल में संलग्न रहना और शैक्षणिक प्रगति पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। आत्म नियमन बच्चों को तब किसी कार्य या स्थिति में लगे रहने की अनुमति देता है जब चीजें कठिन होती हैं। आत्म नियमन बच्चों को अपनी भावनाओं और व्यवहार को लक्ष्य हासिल करने पर ध्यान केंद्रित रखने की अनुमति देता है।



## ट्रेंड

### प्रभु राम का आशीर्वाद बना रहे

विजयादशमी कुछ दिन दूर है और आज लाओ पीडीआर में मैंने लाओ रामायण का एक भाग देखा, जिसमें रावण पर प्रभु श्री राम की जीत पर प्रकाश डाला गया है। यह देखकर खुशी होती है कि यहां के लोग रामायण से जुड़े हुए हैं। प्रभु राम का आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### अखंडता का सम्मान करें

हम लेबनान में एक संपूर्ण युद्ध के कगार पर हैं-जिसके पहले से ही विनाशकारी परिणाम होंगे। लेकिन अभी भी वक्त है रुकने का सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए।

-एंटोनियो गुटेरेस, यूएन महसचिव



### टाटा ने नई ऊंचाईयां दीं

श्री रतन टाटा जी ने अपने अथक परिश्रम व प्रगतिशील दृष्टिकोण से भारतीय उद्योग जगत को नई ऊंचाइयां दीं। लोककल्याण व मानवता की सेवा के क्षेत्र में रतन टाटा द्वारा गढ़ी गई अभूतपूर्व मिसाल सदियों तक प्रेरणा देती रहेगी।


-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव



### देश गर्व करता रहेगा

आप पर ये देश सदैव गर्व करता रहेगा। युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं आप और आप जैसी सेवा, सादगी, सहजता और सरलता हर इंसान में होनी चाहिए। रतन टाटा जी को विनम्र श्रद्धांजलि

-गुलज़ार, गीतकार



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 | आश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी | वर्ष : 23, अंक : 86 | पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



92 एटीपी एकल चैंपियन

36 मास्टर्स टाइटल

22 ग्रैंडस्लैम विजेता

1 ओलंपिक स्वर्ण पदक

*अगले महीने होने वाला डेविस कप फाइनल्स होगा अंतिम टूर्नामेंट*

# छलके आंसू... लाल बजरी के बादशाह राफेल नडाल ने किया संन्यास का ऐलान

**मैड्रिड।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने गुरुवार को घोषणा की कि वह अगले महीने होने वाले डेविस कप फाइनल्स के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे। 38 वर्ष के नडाल से अधिक ग्रैंडस्लैम पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच (24) ने जीते हैं जबकि रोजर फेडरर 20 बार के विजेता रहे ▶▶| शेष पेज 2 पर

*सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम चैंपियन*

| खिताब | खिलाड़ी |
|---|---|
| 24 | नोवाक जोकोविच |
| 22 | राफेल नडाल |
| 20 | रोजर फेडरर |
| 14 | पीट सेम्प्रास |
| 12 | रॉय एमर्सन |

### 14 फ्रेंच ओपन चैंपियन

लाल बजरी के बादशाह कहे जाने वाले नडाल ने लाल कोर्ट पर रिकॉर्ड 14 फ्रेंच ओपन खिताब जीते। रोलां गैरो कोर्ट के प्रवेश द्वार पर नडाल की प्रतिमा इसकी गवाह है कि उन्होंने इस पर अपने प्रदर्शन की छाप किस कदर छोड़ी है। नडाल ने चार बार अमेरिकी ओपन और दो दो बार विम्बलडन और आस्ट्रेलियाई ओपन जीता है।

*'मैने जो कुछ भी अनुभव किया है, वह सपना सच होने जैसा है। मैं इस इत्मीनान के साथ जाऊंगा कि मैने अपनी ओर से पूरा प्रयास किया और अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। हकीकत यह है कि पिछले कुछ साल काफी कठिन रहे, खासकर पिछले दो साल। मुझे नहीं लगता कि मैं खुलकर खेल सका। यह कठिन फैसला था जिसे लेने में मुझे कुछ समय लगा। लेकिन जीवन में हर चीज की एक शुरुआत और एक अंत होता है।'*

*-राफेल नडाल*



### किया भावुक पोस्ट

*नडाल ने सोशल मीडिया पर एक छलकते आंसुओं के साथ एक भावुक वीडियो पोस्ट कर संन्यास लेने की घोषणा की। नडाल के नाम 92 एटीपी एकल खिताब हैं जिसमें 36 मास्टर्स टाइटल और ओलंपिक स्वर्ण पदक भी शामिल हैं।*

## इंग्लैंड का विशाल स्कोर, जीत से चार विकेट दूर

**मुल्तान।** पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच मुल्तान टेस्ट में मेहमान टीम जीत के मुहाने पर खड़ी है। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 37 ओवर में 6 विकेट पर 152 रन बना लिए हैं। पाकिस्तान को पारी की हार से बचने के लिए 115 रन और बनाने हैं। वहीं, इंग्लैंड को पारी से जीत हासिल करने से सिर्फ 4 विकेट चाहिए। पाकिस्तान ने पहली पारी में 556 रन बनाए थे। इसके जवाब में इंग्लैंड ने 7 विकेट पर 823 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 'इलाज' के लिए दी अपनी ही बच्ची की बलि

**मुजफ्फरनगर।** यूपी के मुजफ्फरनगर जिले में पुलिस ने बीमारियों के इलाज के लिए एक तांत्रिक की सलाह पर अपनी ही एक महीने की बच्ची की बलि देने के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया है। गोपाल कश्यप और उसकी पत्नी ममता को बेलदा गांव में अपनी ही बच्ची की हत्या के मामले में हिरासत में लिया गया था।

### सिन्हा ने पंजाब के मुख्य सचिव

**चंडीगढ़।** आईएएस के वरिष्ठ अधिकारी के.ए.पी. सिन्हा ने गुरुवार को पंजाब के मुख्य सचिव का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पंजाब कैडर के 1992 बैच के आईएएस अधिकारी सिन्हा सतर्कता, सामान्य प्रशासन और कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

## जून, जुलाई में होती है बुआई और दिसंबर, जनवरी में होती है फसल तैयार

# मलकानगिरी से शुरू हुई गांजा की खेती अब 20 जिलों में, सालाना 600 करोड़ का कारोबार

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

ओडिशा के मलकानगिरी से शुरू हुई गांजा की खेती अब वहां के 20 जिलों में होनी लगी है। कहा जा रहा है कि वहां अभी 50 हजार हेक्टेयर में गांजा उगाया जा रहा है। बताते हैं, यहां से देश के कई इलाकों में गांजा भेजा जा रहा है। इसका कारोबार संगठित उद्योग की तरह लगभग 600 करोड़ तक पहुंच चुका है। बस्तर आईजी ने भी माना कि ओडिशा में मुख्य रूप से मलकानगिरी क्षेत्र में गांजा की पैदावार की सूचना आती रही है और कई बड़ी खेप पुलिस ने पकड़ी है।

ओडिशा से गांजा बस्तर होकर ही उत्तरभारत भेजा जाता है। दो मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर, सुकमा और जगदलपुर, बोरीगुमा ▶▶| शेष पेज 2 पर

### चित्रकोंडा इलाके में सबसे उत्तम क्वालिटी का गांजा

30 साल पहले तक ओड़िशा के कालाहांड़ी इलाके में भूखमरी से गरीब आदिवासी मरते थे। अब ओडिशा कृषि और सिंचाई के मामले में काफी उन्नत प्रदेश बन गया है। विशेषकर नवीन पटनायक सरकार ने कृषि और सिंचाई को काफी बढ़ावा दिया। चित्रकोंडा इलाके के फुलपदर, सालपदर, हाथीपदर, राजलकोंडा जैसे कई इलाके में उत्तम श्रेणी के गांजा की फसल ▶▶| शेष पेज 2 पर



### उत्तर भारत समेत महानगरों तक खपत

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड और दिल्ली तक ओड़िशा के गांजे की तस्करी होती है। जितनी ज्यादा दूरी बढ़ते जाती है गांजा का कीमत भी बढ़ता जाता है। महानगरों तक भी नशे के रूप में गांजा पहुंचने लगा है। रसूखदार इस धंधे में गरीब युवाओं को लालच देते हैं।

### एक पौधे में 3 से 4 किलो तक गांजा

ओडिशा के कुछ गांजा तस्करी के जानकार और बस्तर के कुछ रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों से चर्चा में पता चला है कि धान से लगभग सौ गुना अधिक मुनाफा वाला धंधा है गांजा की खेती करना, इसमें नुकसान कुछ भी नहीं है। पैदावार आसान है साथ ही कमाई भी काफी है इसलिए तेजी से इसकी पैदावार बढ़ी है। बताया गया कि एक पौधे 3 से 4 किलो तक गांजा निकलता है। 80 के दशक से शुरू हुआ ओडिशा में गांजे की खेती का कारोबार एक जिले से बढ़कर 20 जिलों तक पहुंच गया है। लग्जरी वाहनों के अलावा एम्बुलेंस और टैंकर तक में गांजा पकड़ाया है। कई बार तो लग्जरी वाहनों में मोडिफाईड चेम्बर बनाकर तस्करी करते पकड़ाए हैं।

### बस्तर में करोड़ों का गांजा जब्त

आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि इस साल अगस्त 2024 तक पूरे संभाग में गांजा के 77 मामले में 126 आरोपी पकड़ाए हैं। जिनसे 2829 किलोग्राम गांजा कीमत 2 करोड़ 70 लाख बरामद हुए हैं। पिछले साल 2023 में 160 प्रकरण में 258 आरोपियों से 4718 किलोग्राम गांजा कीमत 4 करोड़ 30 लाख ▶▶| शेष पेज 2 पर

### ओडिशा से बस्तर

मुख्य रूप से मलकानगिरी क्षेत्र में गांजा की पैदावार की सूचना है। जहां से तस्कर गांजा लाकर बस्तर से होकर उत्तर भारत के प्रमुख राज्यों में गांजा ले जाते हैं। मुखबिर से सूचना मिलने पर दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग के थानों में नाका लगाकर वाहनों की जांच करते हैं।

**-सुंदरराज पी.,** आईजी बस्तर

## तीन घंटे रुकी रही पुरुषोत्तम एक्सप्रेस

# 'ट्रेन में बम के साथ आतंकी' अलर्ट के बाद मचा हड़कंप



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेलवे अधिकारियों को पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों के विस्फोटकों के साथ यात्रा करने की सूचना मिली। इसके बाद हड़कंप मच गया। उत्तर प्रदेश के टूंडला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को तीन घंटे से अधिक समय तक रोके रखा गया। अधिकारी ने बताया कि 'एक्स' उपयोगकर्ता से मिली सूचना गलत निकली।

### जयपुर हवाई अड्डे पर आई थी धमकी

*हाल में राजस्थान की राजधानी जयपुर के हवाई अड्डे पर कोई अलर्ट नहीं बल्की सीधे बम की धमकी आई थी। यहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को एक ईमेल मिला। इसमें कुछ ऐसा था कि बल तुरंत अलर्ट हो गया। ये एक धमकी भरा ईमेल था जिसमें जयपुर के दो होटलों को भी बम से उड़ाने की बात कही गई थी।*

### दो हिस्सों में बंट गई मालगाड़ी

इधर, यूपी के गोंडा जिले में गोंडा-बुढ़वल रेलखंड पर एक मालगाड़ी तकनीकी दिक्कत के कारण दो हिस्सों में बंट गई। मैजापुर और कर्नलगंज रेलवे स्टेशन के मध्य गेट संख्या 281 (बी) के पास बुधवार को आवारा मवेशी कट जाने से मालगाड़ी अप-बीसीएन के इंजन का होज पाइप खुल गया था। परिणाम स्वरूप ट्रेन के कुछ डिब्बे पीछे छूट गए।




72198 21111 | BAJAJ SECURE | pine labs PAY LATER | HDFC BANK

*नियम और शर्तें लागू. *ऑफ़र्स केवल चुनिंदा वैरिएंट्स पर ही उपलब्ध. ऑफ़र 15 नवंबर 2024 तक ही वैध. बजाज ऑटो को पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. मॉडल पर निर्भर करते हुए ₹10,000 तक की *बचत में ₹5000* तक का कैशबैक और ₹5000* एचडीएफ़सी कार्ड कैशबैक शामिल है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तें से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एनसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है. कैशबैक ऑफ़र एचडीएफ़सी क्रेडिट कार्ड्स के ईएमआई ट्रांजेक्शन्स पर केवल पाइन लैब्स मशीन्स पर ही 15 अक्टूबर 2024 तक उपलब्ध है. ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म्स पर ऑफ़र्स उनके नियम और शर्तों के अधीन हैं.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raipur:** Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 7714083955,9713540079, Telibandha 7714083955•Devpuri Raipur ARUN BAJAJ 9770420235 • **Baloda Bazar** ARUN BAJAJ 90009399506 • **Bhatapara** ARUN BAJAJ 7828353259 • **Bhilai** AVN BAJAJ 7884252700, 9644066266 • **Durg** VENKATESH BAJAJ 4060122,8982005707 • **Dhamtari** TIRUPATI BAJAJ 9516872343, 7987872343 • **Kanker** TIRUPATI BAJAJ 7587841176 • **Bhanupratappur** TIRUPATI BAJAJ 9977911298 • **Jagdalpur** T M BAJAJ 9986433880, 9425592466 • **Mahasamund** BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789 •**Saraipali** BHAWANI BAJAJ 9424211576 • **Rajnandgaon** KAKKAD BAJAJ 9301111111 **Dongargarh** KAKKAD BAJAJ 9028597765 • **Kawardha** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 **Pandatarai** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906. **Authorised Service Centre:** Abhanpur 9425510725, Ahiwara 8719067333, Ambagarh Chowki 9111155511, Arang 8224026403,8770906243, Bagbahara 9926161553, Balod 9770186691, Bakhara 7000627684, Basna 9753408127, Bemetra 8319906176, Berla 9644045882, Chandrakhuri 9826764123, Charama 9406445493, Charoda 990744880, Chhuriya 7999113621, Dallirajhara 9589956199, , Dantewada 9425594844, Dongargaon 8770405245, Farasgaon 9986433880 , Gariyaband 7777888487, Gidhori 9425202238, Gunderdehi 9752027700, Jhalap 9753559579, Kasdol 9826142260, Keshkal 9986433880, Khairagarh 7470888488, Komakhan 8319131967, Kondagaon 9986433880, Kurud 7470499500, Nagri 9109099900, Nawagarh 9981235777, Nayapara 9826433867,8602057777, Pakhanjur 9425593572, Pandaria 7470991444, Patan 9752756264, Pirda 9977377533, Pithora 9713118410, Rajim- 8602057777, Risali 9098847683, Sankra 8120008091, Sargaon 700079773, Singhanpur 9713848382, Tilda 9329068989, Tendukona 9425512175 , Utai 7879043998.

## जैकेट के शेष

### विदा हुए 'अनमोल ....

पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे सहित अन्य लोग भी शवदाह गृह में उपस्थित थे। शवदाह गृह में मौजूद एक धर्म गुरु ने बताया कि अंतिम संस्कार पारसी परंपरा के अनुसार किया गया। उन्होंने बताया कि अंतिम संस्कार के बाद दिवंगत उद्योगपति के दक्षिण मुंबई के कोलाबा स्थित बंगले में तीन दिन तक अनुष्ठान किए जाएंगे। पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा (86) का बुधवार रात शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा, वे सादगी और विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे. जब भी मैं उन्हें राष्ट्रपति भवन में भोज के दौरान आमंत्रित करता था, इतने प्रसिद्ध उद्योगपति होने के बावजूद, मैंने उनकी विनम्रता देखी कि वे कभी भी हमारे देश के बड़े उद्योगपतियों में से एक नहीं लगते थे। वे एक देशभक्त, एक साधारण व्यक्ति लगते थे और हमेशा प्रोटोकॉल का पालन करते थे। रतन टाटा के निधन पर पूर्व क्रिकेटर कपिल देव ने कहा, जब कोई महान व्यक्ति इस दुनिया से चला जाता है, तो स्वाभाविक रूप से हमें दुख होता है, लेकिन उन्होंने जो विरासत छोड़ी है। मेरे पास शब्द नहीं हैं।

### राष्ट्रपति मुर्मू ....

के हाथों प्रावीण्य सूची के विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। बताया गया है कि राष्ट्रपति नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन भी जाएंगी। इसके साथ ही नवा रायपुर में भी उनका कार्यक्रम प्रस्तावित है। राष्ट्रपति अपने इस प्रवास के दौरान 25 की रात को राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी।

### आईआईटी भिलाई के ....

भिलाई पहुंचेंगी। राष्ट्रपति आईआईटी भिलाई के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राष्ट्रपति भिलाई से दोपहर डेढ़ बजे तक लौटकर राजभवन आ जाएंगी। दोपहर साढ़े तीन बजे वे पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति चिकित्सा एवं आयुष विश्वविद्यालय पहुंचेंगी, जहां वे विवि के तीसरे दीक्षांत कार्यक्रम में शामिल होंगी। यह रायपुर में राष्ट्रपति का अंतिम कार्यक्रम होगा। इसके बाद वे लौट जाएंगी।

### ये है आधिकारिक .....

राष्ट्रपति एनआईटी रायपुर के 14वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचेंगी। एनआईटी से निकल कर राष्ट्रपति का काफिला नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन पहुंचेगा, जहां वे स्थानीय आदिवासियों के साथ मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति शाम करीब 6 बजे राजभवन लौट आएंगी और रात्रि विश्राम राजभवन में ही करेंगी।

## प्रथम पेज के शेष

### रवि, सिद्धि और बुधादित्य ...

भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। इसी के साथ इस दिन रवि योग, सिद्धि योग और बुधादित्य राजयोग का भी निर्माण हो रहा है। इन योग में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को शुभ कार्य में सफलता मिलती है। इन योगों में पूजन सिद्धि प्रदान करने वाला होता है।

### दोपहर 12.06 मिनट ...

अनुसार, शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर दुर्लभ सुकर्मा योग का दिन भर है। इस योग का समापन दशहरा यानी 12 अक्टूबर को देर रात 2 बजकर 47 मिनट पर होगा। ज्योतिष शुभ कार्यों के लिए सुकर्मा योग को शुभ एवं श्रेष्ठ मानते हैं। इस दौरान मां दुर्गा की पूजा एवं साधना कर सकते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो सुकर्मा योग में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी।

### नगर कल्याण के लिए ...

दास राजाओं द्वारा गई थी। अपनी जनता के कल्याण के लिए राज परिवार और पुजारी परिवार के लोग मां शीतला मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर ज्योति कलश की स्थापना करते थे। आज भी यह दोनों ज्योति कलश माता के सामने ही मंदिर के गर्भ में स्थापित की जाती है। नगर कल्याण के उद्देश्य को लेकर प्रतिवर्ष नवरात्रि में इन दोनों ज्योति कलशों को प्रज्ज्वलित किया जाता है।

**मंदिर के गर्भगृह में स्थापित ज्योति कलश :** मंदिर के गर्भगृह में स्थापित यह दो ज्योति कलश अन्य मनोकामना ज्योति कलश से अलग होते हैं। इन दोनों ज्योति कलश में से एक ज्योति कलश स्व. राज परिवार की ओर से प्रज्ज्वलित होती है, तो दूसरी ज्योति कलश स्वर्गीय पंडित परिवार की ओर से प्रज्ज्वलित की जाती है।

**ज्योति कलश स्थापना की शुरूआत :** बताया जाता है कि राजनांदगांव शहर में नवरात्रि के अवसर पर ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने की शुरूआत इसी मां शीतला मंदिर में नगर कल्याण के उद्देश्य से प्रज्ज्वलित की जाने वाली इन दो ज्योति कलश से ही हुई है।

**सात पीढ़ियों से दुबे परिवार ने संभाली विरासत :** मां शीतला मंदिर के पुजारी पंडित राज दुबे ने बताया कि इस मंदिर में उनके परिवार की सात पीढ़ियां माता की सेवा करते बीत गई। मंदिर में स्व. रामचरण दुबे, स्व. संतोष प्रसाद दुबे, स्व. लक्ष्मी नारायण दुबे, स्व. मोती नाथ दुबे, के द्वारा भी नगर कल्याण की इन दो ज्योति कलशों को प्रज्ज्वलित कराया जाता रहा है। आज भी उनका परिवार नगर कल्याण के उद्देश्य से प्रज्ज्वलित की जाने वाली इन दोनों ज्योति कलशों उसी निष्ठा के साथ प्रज्ज्वलित करता आ रहा है।

### देश विदेश से स्थापित...

हैदराबाद, दिल्ली, निजामुद्दीन, नागपुर के अलावा विदेश से भी अमेरिका और लंदन से ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं।

### नवा रायपुर के सीएम...

ओएसडी उमेश अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ महत्वपूर्ण फाइलों का अनुमोदन किया। मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारी-कर्मचारी भी इस दौरान मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नए निवास में करीब तीन घंटे रहे। उन्होंने यहां की व्यवस्था भी देखी। उल्लेखनीय है कि पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवरात्रि के पहले तीन दिन विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर नवा रायपुर में नवनिर्मित नए मुख्यमंत्री निवास में गृहप्रवेश किया था।

**सीएम कार्यालय तैयार, जल्द शिफ्ट होगा :** नए मुख्यमंत्री निवास में सीएम कार्यालय में सभी सचिवों और ओएसडी के लिए कार्यालय तैयार हो चुका है। साथ ही अन्य कर्मचारियों के बैठक व्यवस्था भी तैयार हो गई है। आने वाले समय में मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पूरी तरह से यहां से काम करना शुरू होगा। पुराने सीएम हाउस से कार्यालय के सामान और अन्य सामग्री की शिफ्टिंग अभी नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि कार्यालय जल्द यहां पर शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यालय के हाल और व्यवस्था का भी जायजा लिया।

### 8 एकड़ में बना है ...

तरह से यहां से कार्यालय संचालित होने लगेंगे तब इसका उपयोग किया जाएगा। सीएम आवास की सुरक्षा के लिए आवास परिसर में हाईटेक तकनीक का उपयोग किया गया है।

### तीन मंत्रियों को आवंटन,...

78 बंगले तैयार किए गए हैं। मंत्रियों में रामविचार नेताम ने यहां पर पहले ही गृह प्रवेश कर लिया है। हालांकि उन्होंने यहां से काम काज शुरू नहीं किया है। अन्य मंत्रियों ने दयालदास बघेल और लक्ष्मी राजवाड़े को बंगला आवंटित हो चुका है। अन्य मंत्रियों को संपदा विभाग यहां पर आवंटन जारी करेगा।

### इधर, केंद्र ने छत्तीसगढ़ ...

पर भारत सरकार द्वारा प्रदेशवासियों के लिए यह अनुपम उपहार है। इस राशि से राज्य के वित्तीय संसाधनों को मजबूत करने में मदद मिलेगी, जो विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी।

## पेज एक के शेष

### छलके आंसू... लाल बजरी...

हैं। तीनों टेनिस के 'बिग थ्री' कहे जाते रहे हैं। स्पेन के नडाल ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। उन्होंने संकेत दिया कि उन्होंने यह फैसला लगातार चोटों के कारण लिया है।

### मलकानगिरी से शुरू...

गांजा तस्करी का प्रमुख मार्ग है। इसके अलावा ओडिशा से लगे हुए करपावंड के मार्ग से भी तस्करी होती है। इसकी बुआई जून-जुलाई में होती है और फसल दिसंबर-जनवरी में तैयार होता है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में गांजा की खेती होती है और वहां तक पुलिस का पहुंचना कठिन होता है। बताया गया है कि शासन प्रशासन एक तरह से गांजा की खेती को इसलिए भी नजरअंदाज करता है, क्योंकि इससे सुदूर अंचल के गरीब आदिवासियों को जहां रोजगार उनके पास नहीं है, उन्हें इस खेती से कमाई होती है। बताया तो यह भी जा रहा है कि बड़े-बड़े सेठ उत्तर भारत के प्रमुख शहरों से ओडिशा के मुख्य शहरों में आकर गांजा की खेती के लिए फाइनेंस भी करते हैं। ओडिशा के चित्रकोंडा जो आंध्रप्रदेश सीमा का कटआफ एरिया है, वहां सबसे उत्तम क्वालिटी के गांजे की फसल तैयार होती है। मलकानगिरी, कोरापुट, व्यापारीगुड़ा, जैपुर, बोरीगुमा और नवरंगपुर जो छत्तीसगढ़ के बस्तर से लगे हुए ओडिशा के प्रमुख केंद्र है, वहां अंदरूनी इलाके से गांजा लाकर डंप किया जाता है। इन्हीं इलाके के कई सब्जी बाजार में सब्जी के साथ गांजा भर कर भी तस्कर पार करा देते हैं। सब्जी के नीचे गांजा होने से जांच चौकियों में इसका पता भी नहीं चल पाता। बस्तर के नगरनार, करपावंड, सुकमा, तोंगपाल, दरभा आदि थानों से गांजा पकड़ने की खबरें आती रहती है। लेकिन आज तक कोई बड़ा तस्कर पकड़ में नहीं आया है। ड्राइवर, कंडेक्टर और कोरियर ही आरोपी बनते हैं और उनके खिलाफ गांजा का प्रकरण तैयार किया जाता है। पुलिस के अधिकारी भी इन्हें ही गांजा तस्कर बनाकर कोर्ट में मामला पेश कर देते हैं।

### चित्रकोंडा इलाके में सबसे...

तैयार होती है। जहां कटाई के समय महिला श्रमिकों को भी काफी काम मिल जाता है। अब बस्तर से लगे ओडिशा के कई जिले में अच्छी खेती होने से समृद्धि की फसल लहलहा रही है। कहीं कोई भूखमरी से मौत का मामला कई सालों से सामने नहीं आ रहा है।

### बस्तर में करोड़ों का...

तथा 2022 में 123 प्रकरण में 158 आरोपियों के पास से 6324 किलोग्राम गांजा कीमत 5 करोड़ 56 लाख बरामद किया गया है। सबसे ज्यादा गांजा की तस्करी बस्तर जिले से होती है और उसके बाद कोंडागांव और सुकमा जिला में आरोपी पकड़ाएं हैं। दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर और कांकेर में गांजे के मामले कम दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि ओड़िशा से सुकमा, बस्तर और कोंडागांव होकर तस्कर आगे निकलते हैं। इसलिए इन जिलों के अंतर्गत आने वाले थानों में गांजे के मामले अधिक दर्ज हैं।

राहुल-खड़गे की समीक्षा बैठक में हरियाणा में कांग्रेस की हार पर हुआ मंथन

# हुड्डा-सैलजा को बैठक में बुलाने की बात आई तो नाराज राहुल बोले 'जरूरत नहीं'

***कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के आवास पर हुई बैठक में वेणुगोपाल, गहलोत और माकन भी रहे मौजूद***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली अप्रत्याशित हार के बाद बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में पहली बार समीक्षा बैठक की। बैठक में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान और सांसद कुमारी सैलजा मौजूद नहीं थी। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी इस कदर गुस्सा हैं कि वे फिलहाल हरियाणा कांग्रेस के किसी भी नेता को समीक्षा बैठक में देखना नहीं चाहते हैं। यहीं कारण रहा कि इन तीनों नेताओं में से किसी को भी बैठक के लिए नहीं बुलाया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई बैठक में राहुल गांधी के अलावा केसी वेणुगोपाल, अशोक गहलोत, अजय माकन और हरियाणा विधानसभा चुनाव से विभिन्न जिम्मेदारियां संभाल रहे पार्टी के कुछ सचिव मौजूद रहे। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ऑन लाइन मीटिंग से जुड़े।

सूत्रों ने बताया कि समीक्षा बैठक में राहुल गांधी ने कड़े लहजे में कहा कि गुटबाजी हमारी हार की सबसे बड़ी वजह है। मौजूदा विधायकों की जमीनी रिपोर्ट परखे बिना सभी को टिकट देने पर भी बैठक में सवाल उठे। चुनाव में पार्टी के 15 विधायकों की हार को लेकर कहा गया कि कुछ ऐसे नाकारा विधायकों की टिकट काटे जाने की जरूरत थी, जिनकी



कार्यप्रणाली, इगो और लोगों से दूरी रखने की प्रवृति से क्षेत्र में नाराजगी थी। बैठक में उन सीटों पर भी चर्चा हुई जहां टिकट कटने के चलते पार्टी से बागी होकर चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवार हार की वजह बन गये। बात उठी कि ऐसे उम्मीदवारों से मिलकर नामांकन वापस लेने पर ध्यान नहीं दिया गया। कई सीटों पर ऐसे बागी उम्मीदवार बड़ी तादाद में कांग्रेस के वोटों में सेंध लगा गये, नतीजा ये हुआ कि कांग्रेस उम्मीदवार वहां हार गये। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि समीक्षा बैठक में ईवीएम के अलावा उन सभी मुद्दों पर चर्चा हुई जिनके चलते राज्य में पार्टी के हाथ से जीत फिसल गई। हुड्डा और सैलजा के आपसी मतभेदों ने सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया, इस बात पर बैठक में सभी नेता एकमत थे। राहुल गांधी की नारजगी इसी बात पर अधिक थी कि चुनाव में पार्टी को आगे बढ़ाने की बजाय मुख्यमंत्री बनने की होड़ और सोच ने बेड़ा गर्क कर दिया।

### चुनाव आयोग से लेकर आपस में मतभेद तक कई बातें हैं: माकन

बैठक के बाद कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि हमने हरियाणा चुनाव नतीजों पर समीक्षा बैठक की। चुनाव नतीजे अप्रत्याशित थे। नतीजों में जमीन आसमान का फर्क था। एग्जिट पोल और वास्तविक नतीजों में बहुत अंतर था। हमने तय कर लिया है कि हम आगे क्या करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से लेकर आपस में मतभेद तक कई बातें हैं। हम आगे जो भी जरूरी कार्रवाई होगी करेंगे। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा के नहीं शामिल होने के बारे में पूछे जाने पर माकन ने कहा कि जिनको बुलाया गया था, वो सभी आए थे।

**AFFIDAVIT**

I No. 10545959W L/NK KAMLESH KUMAR Unit 155 Inf Bn (TA) JAK RIF is father of Naruwi Sahu (as per IAFF-958) is presently residing at Village Atang Post Office Achhoti Teh. Kurud & Dist. Dhamtari State C.G. do hereby solemnly affirm and state on oath as follows:-

(a) That, I have changed name of my daughter from Naruwi Sahu to Naruvi Sahu due to Wrong entered in Filed Service Documents.

(b) That, I am porducing this Affidavit for the purpose of evidence for my name.

(c) That both name Naruwi Sahu and Naruvi Sahu pertain to one and the same person.

(d) That, I shall at all times hereafter in all Records, deeds and writing and in all proceeding dealing with transaction, private as well as under all occasions what so ever be known as only (New Name)

(e) That what is stated above is true and correct to best of my knowledge, information and belief nothing material has been concealed there from.

**Signature of Deponent**

**Verification**

I the deponent above named do hereby solemnly declare and verify that the contents of the above Affidavit are tru to the best of my knowledge and belief and nothing concealed or suppressed there from.

Date:- 08.10.2024 **Signature of Deponent**

प्रो.नं. 217/24 प्रकरण क्रमांक- 41ए/2024
पेशी तारीख - 18.10.2024

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो कोरबा, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

अभिषेक कुमार सिंह
बनाम
श्रीमती अफरोज बानो वगै0

उपरोक्त परिवादी अभिषेक कुमार के द्वारा अभियुक्त श्रीमती अफरोज बानो वगै0 के विरूद्ध धारा वाद वास्ते घोषणा एवं स्थायी व्यादेश के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो कोरबा में प्रस्तुत किया गया है और उक्त वाद वास्ते घोषणा एवं स्थायी व्यादेश पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 18.10.2024 की तिथि नियत है।

अतः प्रतिवादीगण 1. श्रीमती अफरोज बानो, उम्र 57 वर्ष, पति गुलाब हसीब अंसारी 2. गुलाब हसीब, उम्र 60 वर्ष, पिता-गुलाब अहमद अंसारी, दोनों निवासी क्वाटर नं0 एम/931 आदर्श नगर कुसमुण्डा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा छ0ग0 को उक्त वाद वास्ते घोषणा एवं स्थायी व्यादेश पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक को सुबह 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोटः- अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 05.10.2024 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**मंजीत जांगड़े**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2**
**कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्रं./3459/ न.पा.नि./लो.नि.शाखा/2024-25 बीरगांव, दिनांक 10/10/2024

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

**e-Procurement Tender Notice (1st Call)**
**(System Tender 159781, 159783, 159786 and 159789 )**
**(Bid Start Date 11.10.2024 Time 10:30 And Bid Due date 05.11.2024 Time 17:30)**

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा राज्य प्रवर्तित मद अन्तर्गत तालाब सौंदर्यीकरण, भवन निर्माण एवं पुष्पवाटिका निर्माण तथा निकाय मद अन्तर्गत सांस्कृतिक भवन मरम्मत एवं संधारण कार्य के लिए System Tender No (159781, 159783, 159786 and 159789 (1st Call)) अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Unified Schedule of Rates (PWD Road/ Building 01.01.2015 And Electrical 2020 & PHE SOR 2020 with all amendments up to date] से प्रचलित एस. ओ. आर. में प्रतिशत दर पर (Bid Due date. 05.11.2024 Time 17:30) तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार निविदा प्रपत्र अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्तें, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/ प्राप्त कर ई टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है ।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

## फ्लोरिडा में 34 लाख से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति ठप

एजेंसी ▶▶| टैम्पा (अमेरिका)

तूफान 'मिल्टन' अमेरिका के फ्लोरिडा में तबाही मचाने और तेज हवाओं एवं बारिश के साथ क्षेत्र के शहरों को तबाह करने के बाद, बृहस्पतिवार को अटलांटिक महासागर में प्रवेश कर गया। तूफान के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है। तूफान (हरीकेन) मिल्टन बुधवार रात टैम्पा से लगभग 112 किलोमीटर दक्षिण स्थित सिएस्टा तट पर श्रेणी-तीन के तूफान के रूप में टकराया था। तूफान के कारण फ्लोरिडा में 34 लाख से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।हालांकि, तूफान के कारण बहुत नुकसान हुआ है लेकिन गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने कहा कि यह सबसे बुरी स्थिति नहीं है। टैम्पा में जिस प्रलयकारी तूफान की आशंका थी, वैसा देखने को नहीं मिला, लेकिन इलाके में अब भी एक बड़ी आपात स्थिति है। गवर्नर के अनुसार, तूफान के कारण इलाके के कुछ हिस्सों में 18 इंच (45 सेंटीमीटर) बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने कहा है कि खतरा अभी टला नहीं है और फ्लोरिडा के पूर्वी-मध्य तट के अधिकांश भाग और जॉर्जिया के उत्तर में तूफानी लहरों की चेतावनी जारी की गई है । दक्षिण कैरोलाइना के तट पर उष्णकटिबंधीय तूफान की चेतावनी जारी की गई है।

■ तूफान मिल्टन ने अमेरिका में मचाई तबाही, पांच लोगों की मौत

### 15 इलाके खाली करने का आदेश जारी

अधिकारियों ने फ्लोरिडा के 15 इलाकों को खाली करने के आदेश जारी किए, जिनकी कुल आबादी लगभग 72 लाख है। लगभग 80,000 लोगों ने आश्रय स्थलों में रात बिताई तथा हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। वहीं, ऑरलैंडो में, वॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड, यूनिवर्सल ऑरलैंडो और सी वर्ल्ड बृहस्पतिवार को बंद रहे। इस बीच, पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट ने तूफान हेलेन और मिल्टन के बाद राहत कार्यों में सहयोग के लिए गैर लाभकारी संस्था 'फीडिंग अमेरिका' को 50 लाख अमेरिकी डॉलर का दान दिया है। गैर-लाभकारी संस्था ने बुधवार को पॉप स्टार के दान की घोषणा की। इसके सीईओ क्लेयर बेबिनॉक्स-फोंटेनोट ने एक बयान में कहा कि 'फीडिंग अमेरिका' दान देने के लिए उनका आभारी है।




**पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग (छ.ग.)**
**(दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय)**

क्रं/प.चि.म./2024/2141 दिनांकः 10/10/2024

**वॉक इन इंटरव्यू**

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग (दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय) में विभिन्न शैक्षणिक विभागों में Teaching Associates के पदों पर नियुक्ति हेतु walk in interview दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को आयोजित है। विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेब साईट dsvckvdurg.ac.in का अवलोकन करने का कष्ट करें।

**अधिष्ठाता**

**OFFICE OF THE NAGAR PANCHYAT BARAMKELA**

E-Procurement Tender Notice (2nd call)
UDD Portal : http:/eproc.cgstate.gov.in
SYSTEM TENDER NO. 159685 /IT NO: NIT/BARAMKELA
NIT NO. /1145/PWD/N.P, BARAMKELA, DATE-09-10-2024

| S.No. | System Tender No. | Name of Work /Description of Work | Probable Amount of contract (lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 159685 | For the year 2024-25 Placement Employees at Nagar Panchayat BARAMKELA (for the office Work water supply sanitation and drivers etc.) | 40.00 |

1) Amount of the Estimate: -Rs. 40.00 Lacs Time allowed for completion :- 12 Months (from date of agreement) The time period can be increased as per the requirement.
2) Earnest Money Deposit :- Rs 30000.00 (EMD) should be made if in favor of chief municipal officer Nagar PanchayatBARAMKELA and scanned copy of FDR should be attached and true FDR and affidavit should be posted to the office of chief municipal officer Nagar Panchayat BARAMKELA And tender Document fess Rs. 1500.00 at favor of chief municipal officer Nagar Panchayat BARAMKELA The Details can be viewed and Downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh E-Procurement Portalhttp:/eproc.cgstate.gov.inon Sub Portal of though Urban Administration and development Department http://uad. eproc.cgstate.gov.in for More Details On the Tender and Bidding Process you may Please Visit the Above - Mentioned portal last date of Bid Submition Date 24-10-2024 at 17:30 pm.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT BARAMKELA (C.G.)

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड**

क्र. कार्य/ नरा / सा / प्रका/ 3998 न. राजिम दिनांक 10/10/2024

**बिजली बंद की सूचना**

सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33/11 केव्ही लाईनों एवं उपकेन्द्रों में दीपावली पूर्व सुधार एवं रखरखाव कार्य हेतु नीचे दिये गये तिथियों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

| दिनांक / दिन | 33 केव्ही / 11 केव्ही लाईन / उपकेन्द्र | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 14.10.24 सोमवार | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र छिंदबाहरा | संपूर्ण राजिम शहर एवं उसके आसपास के क्षेत्र |
| 15.10.24 मंगलवार | 11 केव्ही पारागांव - हाईटेक फीडर | खोलीपारा, छाटारोड बसस्टैड के आसपास, मस्जिद के पास एवं फीडर से जुडे समस्त उपभोक्ता |
| | 11 केव्ही चौबेबांधा - चौबेबांधा फीडर | चौबेबांधा एवं फीडर से जुडे समस्त उपभोक्ता |
| 16.10.24 बुधवार | 33 केव्ही कोमा - अभनपुर फीडर<br>33 केव्ही कोमा- पारागांव फीडर | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र तर्री से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडर एवं फीडर से जुडे सभी उच्चदाब उपभोक्ता |
| | 11 केव्ही छिंदबाहरा - श्यामनगर बस्ती | सिंधौरी पीपरछेडी, बरोंडा एवं फीडर से जुडे उपभोक्ता |
| 17.10.24 गुरूवार | 11 केव्ही गोबरा - शीतलापारा फीडर | एफ.सी.आई, रायपुर रोड, शीतलापारा, तर्री एवं फीडर से जुड़े समस्त उपभोक्ता |
| | 11 केव्ही छिंदबाहरा - पोखरा बस्ती | कोमा, कुम्ही, सेमरतरा एवं फीडर से जुडे समस्त उपभोक्ता |
| 18.10.24 शुक्रवार | 11 केव्ही पारागांव -गंज फीडर | गंजरोड, इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड, सदर रोड, सिंधी कॉलोनी एवं फीडर से जुडे समस्त उपभोक्ता |
| | 11 केव्ही किरवई - किरवई बस्ती | किरवई एवं फीडर से जुडे समस्त उपभोक्ता |
| 19.10.24 शनिवार | 11 केव्ही पारागांव फीडर एवं 11 केव्ही नवापारा टाउन फीडर | दम्मानी कॉलोनी, श्रीराम राईसमिल, विजय राईसमिल, डेरा पारा, भाठापारा एवं फीडर से जुडे समस्त उपभोक्ता |
| | 11 केव्ही किरवई-भैंसातरा बस्ती फीडर | भैंसातरा,बेलटुकरी, लफंदी एवं फीडर से जुडे उपभोक्ता |
| 21.10.24 सोमवार | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र गोबरा<br>11 केव्ही गोबरा - सिंधीकॉलोनी फीडर | उपकेन्द्र से निकलने वाली समस्त 11 केव्ही फीडर संबंधित ग्राम, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी |
| | 11 केव्ही बकली - पितईबंद बस्ती फीडर | पितईबंद एवं फीडर से जुडे समस्त उपभोक्ता |
| 22.10.24 मंगलवार | 33 केव्ही कोमा- आश्रम फ़ीडर | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र पारागांव से निकलने वाली समस्त 11 केव्ही फीडर से संबंधित ग्राम |
| 24.10.24 गुरूवार | 11 केव्ही पारागांव - राजिम शहर फीडर | दम्मानी कॉलोनी, मैडम चौक, बिजली ऑफिस के सामने |
| 25.10.24 शुक्रवार | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र मानिकचौरी | उपकेन्द्र से निकलने वाली समस्त 11 केव्ही फीडर संबंधित ग्राम |

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। असुविधा के लिए खेद है ।
*"बिजली की बचत करें"*
*"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाये"*

**(एस.के. गुप्ता)**
**कार्यपालन यंत्री (सं / स.) संभाग**
**छ.स्टे.पा.डि.कं. लि. न. राजिम**

## राशिफल

**मेष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता का साथ मिलेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यस्त हो सकते हैं। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है।

**कर्क** — कारोबार के प्रति सचेत रहें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। लाभ के अवसर मिलेंगे। मानसिक तनाव अभी बना रह सकता है।

**सिंह** — आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

**कन्या** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना भी है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। धैर्यशीलता में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु** — धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ में वृद्धि होगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर भी जा सकते हैं। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**मकर** — फसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है।

**कुंभ** — पारिवारिक समस्याओं के प्रति सचेत रहें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।

**मीन** — पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे।


## शब्द पहेली - 5659



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

**शब्द पहेली - 5658 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5670

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

■ MANGA, SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5669 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

सेलिब्रेशन : टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अच्छी आदतें अपनाने का संकल्प

बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक पर्व दशहरे को लोग बड़े हर्षोल्लास से मनाते हैं। बच्चों के मन में तो इस पर्व को लेकर एक अलग ही उत्साह रहता है। टीवी के चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दशहरे को अलग ही अंदाज में मनाते हैं। वे दशहरा कैसे सेलिब्रेट करते हैं, इस बार इनकी दशहरे पर क्या प्लानिंग है, बालभूमि को बता रहे हैं कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स।

## खत्म करूंगी अपनी दो बुराइयां : अस्मि देव

**जी टीवी** पर प्रसारित हो रहे शो 'जागृति : एक नई सुबह' में जागृति की मुख्य भूमिका निभा रही अस्मि देव को दशहरे का बेसब्री से इंतजार रहता है। वह बताती है, 'दशहरे पर हमारी सोसायटी के कैंपस में एक बड़ा-सा रावण जलाया जाता है। फिर हम कुछ बच्चे मिलकर एक छोटा-सा प्ले करते हैं, जिसमें हम राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण की भूमिका निभाते हैं। इसमें बहुत मजा आता है।' अस्मि अपना सबसे मेमोरेबल दशहरा याद करते हुए कहती है, 'जब मैं पांच साल की थी, तब मेरे घर के बड़ों ने रावण-दहन किया था, हमें यह भी बताया था कि दशहरे का क्या संदेश है? उन्होंने बताया था कि हमेशा बुराई की हार और अच्छाई की जीत होती है। यह सुनकर मैंने मन ही मन निर्णय लिया था कि हमेशा मैं अच्छाई के रास्ते पर चलूंगी।' अस्मि आगे कहती है, 'इस दशहरे पर मैं अपने भीतर की दो बुराइयों को दूर करूंगी, जैसे- मैं कभी-कभी मम्मी-पापा की बात नहीं मानती हूं, कभी-कभी जिद भी करती हूं। तो अपनी इन दोनों बुराइयों पर जीत हासिल करूंगी।' *



## मैं अब अधिक डिसिप्लिन में रहूंगा : कविश खुंगर

**शेमारू उमंग** के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कुश के रोल में दिख रहा कविश खुंगर दशहरे की बात होने पर बताता है, 'जब मैं अपने होम टाउन सिरसा में रहता था तो हर साल अपने परिवार के साथ रामलीला और दशहरे का मेला देखने जाया करता था।' कविश इस बार की अपनी दशहरे की प्लानिंग बताता है, 'मुंबई में यह मेरा पहला दशहरा है। इस बार मैं यहां मुंबई में पूरे दिन अपने नए दोस्तों के साथ दशहरा मनाऊंगा ताकि मैं यहां के कल्चर को भी जान-समझ सकूं।' कविश दशहरे से जुड़ी अपनी खास मेमोरी शेयर करते हुए बताता है, 'एक बार मैं दशहरे के मौके पर रामलीला में हनुमान जी बना था। मुझे हनुमान जी के रूप में देखकर लोगों ने बहुत प्यार दिया। सभी ने मेरी बहुत तारीफ की, लोगों ने मेरे साथ फोटो खिंचाई। वह दशहरा मुझे हमेशा याद रहेगा।' इस दशहरे पर कविश खुद में कुछ अच्छे चेंज भी लाने की बात करता है। वह कहता है, 'मैं अब पूरी तरह डिसिप्लिन के साथ रहूंगा। हालांकि थोड़ी-बहुत मस्ती करना भी जरूरी है, इससे हमें नई एनर्जी मिलती है। बस हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए, हमारी मस्ती से किसी को कोई नुकसान ना पहुंचे।' *



## छोड़ूंगा आलस्य और लापरवाही की आदत : कविश चौहान



**सन नियो** के शो 'छठी मैया की बिटिया' में शौनक के किरदार में कविश चौहान खूब रंग जमा रहा है। वह कहता है, 'वैसे तो मैं हर साल अपने होम टाउन में दशहरा मनाता हूं, लेकिन इस बार मैं मुंबई में दशहरा मनाऊंगा।' कविश की अबकी दशहरे की प्लानिंग क्या है, वह बताता है, 'इस बार मैं मुंबई में अपना दशहरा मनाऊंगा। यहां के रीति-रिवाज के अनुसार लोगों के घर जाकर मिलूंगा, अपने से बड़ों का आशीर्वाद लूंगा। यह मेरे लिए नया अनुभव होगा।' अपना सबसे मेमोरेबल दशहरा याद करते हुए कविश बताता है, 'मुझे याद है, मैं जब पहली बार अपने पापा के साथ रावण दहन देखने गया था। वहां रावण का पुतला बहुत बड़ा था, जब वो जला तो उसे देखकर मैं डर गया था, लेकिन फिर मुझे मजा भी बहुत आया था। वो मेरा अब तक का सबसे यादगार दशहरा है।' कविश इस दशहरे पर अपने भीतर कुछ चेंज लाने की बात भी करता है, वह बताता है, 'इस दशहरे पर मैं अपने आलस्य और लापरवाही जैसी आदत को छोड़ने का खुद से प्रॉमिस करूंगा। कभी-कभी मैं शो की शूटिंग में व्यस्त होने के कारण अपनी पढ़ाई को भी टालता जाता हूं, लेकिन अब मेरी कोशिश रहेगी कि समय पर सारे काम पूरे करूं और हमेशा एक्टिव रहूं।' *

## खुद को पहले से बेहतर बनाने का संकल्प लूंगी : सिद्धि राठौर



**सोनी सब** के शो 'बादल पे पांव हैं' में गिन्नी खन्ना का रोल प्ले कर रही सिद्धि राठौर का दशहरा बहुत ही पसंदीदा त्योहार है। वह उल्लास के साथ बताती है, 'मैं अपने मम्मी-पापा और पूरी फैमिली के साथ हर साल दशहरे पर रामलीला देखने जरूर जाती हूं। इसमें मुझे बहुत मजा आता है।' इस बार दशहरे पर सिद्धि की क्या प्लानिंग है, वह बताती है, 'अगर शूटिंग के बीच मुझे टाइम मिला तो ऐज यूजुअल मैं फैमिली के साथ रामलीला देखने जाऊंगी। अगर मुझे थोड़ा और टाइम मिला तो मैं अपने छोटे भाई के साथ मिल कर रावण बनाऊंगी, उसे बनाना भी सिखाऊंगी।' सिद्धि दशहरे से जुड़ा अपना सबसे मेमोरेबल इंसिडेंट हंसते हुए बताती है, 'मेरे लिए सबसे मेमोरेबल दशहरा पिछले साल का था, मैंने पापा-मम्मी की मदद से पहली बार रावण बनाया था। हालांकि रावण ठीक से बन नहीं पाया था, लेकिन वो मेरे लिए बेस्ट रावण था, क्योंकि मैंने उसे अपने हाथों से बनाया था। उसे बनाकर मैं बहुत खुश थी। उस फीलिंग को मैं अभी तक नहीं भूली हूं।' इस दशहरे से सिद्धि अपने भीतर की कुछ बुराइयों को धीरे-धीरे खत्म करके अच्छी आदतों को रूटीन में शामिल करेगी। वह कहती है, 'इट्स नॉट पॉसिबल कि मैं एक ही बार में अपनी सारी बुरी आदतों से छुटकारा पा लूं। इसलिए इस साल मैंने सोचा है, अपने ऊपर थोड़ा ध्यान दूंगी। मैं रेग्युलर एक्सरसाइज करूंगी, हेल्दी खाऊंगी, समय से सोने और जगने की कोशिश करूंगी। इस दशहरे मैं खुद को पहले से बेहतर बनाने का संकल्प लूंगी।' *

## अपनी अच्छाइयों को करूंगी और मजबूत : तेजस्विनी सिंह




**एंड टीवी** के शो 'भीमा' में टाइटल भूमिका निभा रही तेजस्विनी सिंह ने अपने अभिनय से सबका दिल जीत रखा है। वह दशहरा हर साल बहुत धूमधाम से मनाती है। वह बताती है, 'दशहरे के दिन मैं घर में सबके साथ पूजा-आरती करती हूं। हम रावण दहन देखने जाते हैं। दोस्तों से मिलते हैं, स्वादिष्ट पकवान और मिठाइयां खाते हैं। यह दिन मेरे लिए बहुत खास होता है, क्योंकि मैं अपने परिवार के साथ समय बिताती हूं, खूब मस्ती करती हूं।' तेजस्विनी इस बार की अपनी दशहरे की प्लानिंग भी बताती है, 'हर बार की तरह इस बार भी हम दशहरे पर खूब मस्ती करेंगे। मैं अपने दोस्तों से मिलने जाऊंगी और उन्हें भी अपने घर बुलाऊंगी। हम साथ मिलकर दशहरा सेलिब्रेट करेंगे।' अपना अब तक का सबसे मेमोरेबल दशहरा भी तेजस्विनी बताती है, 'मेरा सबसे मेमोरेबल दशहरा उस साल का था, जब मैं पहली बार रावण का पुतला जलाने के लिए एक बड़े से मैदान में बने स्टेज पर गई थी। खास बात यह थी कि उस बार मैंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर रावण का पुतला सजाया था। उस दिन मेरे परिवार के सभी लोग मेरे साथ थे, हमने खूब एंज्वॉय किया था।' तेजस्विनी दशहरे पर अपने भीतर पॉजिटिव चेंज लाने की भी बात करती है। वह कहती है, 'इस दशहरे पर मैं अपने अंदर की अच्छाइयों को और मजबूत करने का संकल्प लूंगी। जैसे, मैं अपनी पढ़ाई में और अधिक ध्यान लगाऊंगी। अपने परिवार और दोस्तों के साथ हमेशा आदर और प्रेम से पेश आऊंगी। साथ ही जरूरतमंदों की हर संभव मदद करूंगी।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

## जीके क्विज- 124

1. आइसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप का आयोजन कहां किया जा रहा है?
2. पिछले दिनों सबसे तेज 27000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ी कौन बने हैं?
3. हाल ही में किस फिल्म अभिनेता को दादा साहब फाल्के सम्मान प्रदान किया गया?
4. ब्लैक फॉरेस्ट पर्वत कहां स्थित है?
5. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
6. हेमेटाइट किस धातु का अयस्क होता है?
7. नाखून में कौन-सा प्रोटीन पाया जाता है?
8. ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण किस शासक ने करवाया था?
9. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किससे है?



बच्चों, जीके क्विज-124 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-123 का उत्तर :** 1.आतिशी मार्लेना, 2.अमर प्रीत सिंह, 3.नई दिल्ली, 4.महात्मा गांधी, 5.जहांगीर, 6.देहरादून, 7. 22 भाषाओं को, 8.बेंगलूरु, 9.मिल्खा सिंह, 10.जोधपुर

**जीके क्विज-123 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, साकेत-रायपुर, दिव्या-बालोद, ईशान-बेमेतरा, हनी-कांकेर, उत्तम-महेंद्रगढ़, नेहा-भोपाल, आकाश-मटियारी, चेतन-बलौदा बाजार, विष्णु-महेंद्रगढ़, दीपक-बिलासपुर, कंचन-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, काव्या-रायपुर, अमन-कोरबा, चंचल-धमतरी

## हंसगुल्ले

**सोनू** : कल रात सपने में मेरे पैर में कांटा चुभ गया था।
**मोनू** : अच्छा, तुम आज रात में चप्पल पहनकर सोना।
-कुमकुम, रायपुर



**रोहन** (बेंच पर खड़े होने के बाद) : सर, यहां से भी नहीं दिखाई दे रहा है।
-दीपांशु, हिसार

**टीचर (रोहन से)** : बताओ, लालकिला कहां है?
**रोहन** : सर, मुझे नहीं नहीं पता।
**टीचर** : चलो, बेंच पर खड़े हो जाओ।

**चीकू** : क्या तुम इंग्लिश बोल सकते हो?
**मीकू** : हां, बड़े आराम से।
**चीकू** : अच्छा, बोलकर दिखाओ।
**मीकू** (हंसते हुए) : 'इंग्लिश।'
-भावना, दुर्ग

## कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

इस बार दशहरा सेलिब्रेशन के लिए वीरू और गुड्डी ज्यादा ही एक्साइटेड थे। वजह थी कॉलोनी में सबसे अच्छे रावण के पुतले को दिया जाने वाला पुरस्कार। अब समस्या यह थी कि सबसे अच्छा और स्पेशल रावण बनाया कैसे जाए? तब दादी ने दोनों को एक आइडिया दिया। क्या था वो आइडिया, क्या वीरू और गुड्डी का रावण सबसे अच्छा बन पाया?

# सबसे अच्छा रावण



दशहरे का त्योहार आने ही वाला था। वीरू और गुड्डी पिछले कई दिनों से जिद कर रहे थे कि उन्हें रावण का पुतला बनाने का सामान चाहिए, पर मम्मी-पापा को समय ही नहीं मिल पा रहा था कि वे उन्हें बाजार ले जाकर पुतला बनाने का सामान दिलाएं। यूं तो हर बार पूरी कॉलोनी में एक ही रावण बनता था और सब कॉलोनी वाले इकट्ठे होकर रावण दहन देखते थे। लेकिन इस बार तय किया गया था कि हर घर में एक-एक रावण बनाया जाएगा और फिर जिसका रावण का पुतला सबसे अच्छा और स्पेशल होगा, उसे पुरस्कृत किया जाएगा। यह प्रतियोगिता खासतौर से बच्चों के लिए आयोजित की गई थी।

वीरू और गुड्डी, यह जानकर बहुत एक्साइटेड हो गए कि इस बार कॉलोनी में एक नही बीस रावण के पुतले बनाए जाएंगे और फिर सबको एक साथ जलाया जाएगा। लेकिन वे यह भी चाहते थे कि सबसे बड़ा और स्पेशल रावण का पुतला उनका ही हो। लेकिन जैसे-जैसे समय बीत रहा था, वीरू और गुड्डी की चिंता बढ़ती जा रही थी। उन्हें लग रहा था कि सबसे अच्छा रावण तो दूर की बात है, इस तरह तो वे रावण बना ही नहीं पाएंगे।

दोनों बच्चे मुंह लटकाए, ठुनकते हुए दादी के पास पहुंच गए। दादी ने दोनों को समझाते हुए कहा, 'बेटा, अभी त्योहारों का समय है और दुकान पर बहुत भीड़ रहती है। तुम्हारे पापा को फुर्सत ही नहीं मिल पा रही है। इन दिनों घर पर मेहमान भी आते-जाते रहते हैं, इसलिए मम्मी भी तुम्हें बाजार नहीं ले जा पा रही हैं।'

दादी की बात सुनकर वीरू ने कहा, 'दादी, आप ही चलिए न हमारे साथ।'

'अरे, मैं कहां जा पाऊंगी तुम लोगों के साथ!' दादी ने दोनों बच्चों के सिर पर हाथ फेरते हुए कहा।

यह सुनकर वीरू और गुड्डी फिर से उदास हो गए।

दादी ने उनके चेहरे की उदासी को भांपते हुए कहा, 'अच्छा सुनो बच्चों, तुम बाजार से रावण बनाने का जो सामान लेकर आओगे, वह सब तो जल ही जाना है। तो क्यों ना ऐसे सामान से रावण बनाया जाए, जो हमारे घर में ही बेकार पड़ा है जैसे कि पुरानी रद्दी, गत्ते वगैरह।'

दादी की बात सुनकर वीरू और गुड्डी की आंखें चमक उठीं। गुड्डी ने चहकते हुए पूछा, 'क्या सचमुच ऐसा हो सकता है दादी? क्या हम घर में बेकार पड़े सामान से रावण का पुतला बना सकते हैं?' 'घर में बेकार पड़े सामान से क्या अच्छा सा रावण का पुतला बन पाएगा?' वीरू ने गुड्डी की बात में अपनी बात जोड़ी। दादी ने दोनों की उत्सुकता शांत करते हुए कहा, 'बिल्कुल हो सकता है। अब हाथ पर हाथ धर कर बैठने के बजाय, चलो फटाफट काम शुरू करते हैं। मैं इसे बनाने में तुम लोगों की मदद करूंगी, लेकिन मेरी एक शर्त है।' 'कैसी शर्त दादी?' वीरू ने पूछा।

दादी ने कहा, 'यही कि हम इस रावण के पुतले के पेट में पटाखे नहीं भरेंगे।'

'फिर क्या ही मजा आएगा दादी? रावण जलेगा, पटाखे नहीं फूटेंगे, धमाके ही नहीं होंगे तो!' गुड्डी ने मायूसी से कहा।

दादी बोलीं, 'जरा सोचो, जब रावण जलेगा और उसके पेट मे भरे हुए पटाखे फूटेंगे तो कितना प्रदूषण फैलेगा?' इस पर वीरू बोला, 'लेकिन दादी बाकी लोग तो...' '...बाकी लोगों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए! लेकिन हम तो बिना पटाखों वाला रावण ही बनाएंगे।' वीरू की बात बीच में ही काटकर दादी बोलीं।

'ठीक है दादी, आप जैसा कह रही हैं, हम वैसा ही रावण बनाएंगे।' दोनों बच्चों ने एक स्वर में कहा। इसके बाद घर भर के गत्ते और रद्दी इकट्ठा करके वीरू और गुड्डी काम में जुट गए। दादी भी उनकी मदद करने लगीं। दो दिनों की मेहनत के बाद उन्होंने एक बड़ा-सा रावण का पुतला बना लिया। दशहरे के दिन जब शाम को कॉलोनी के पार्क में रावण दहन की तैयारियां हो रही थीं, एक-एक करके कॉलोनी के बच्चे अपने-अपने रावण मैदान में रखने लगे। वीरू और गुड्डी अपने रावण का पुतला सबसे आखिर में लेकर आए। उनके रावण को देखकर सब हैरान रह गए। दरअसल, उनका रावण सबसे अच्छा, बड़ा और दूसरे पुतलों से अलग दिख रहा था।

जब कॉलोनी के बच्चों ने पूछा कि ऐसा स्पेशल रावण उन्होंने कैसे बनाया तो वीरू और गुड्डी ने बताया कि उन्होंने घर में मौजूद बेकार सामान से यह रावण बनाया है। यह जानकर वहां मौजूद अन्य बच्चे ही नहीं उनके पैरेंट्स भी आश्चर्यचकित रह गए।

जब सबसे अच्छे और अनोखे रावण के पुतले को पुरस्कार देने की घोषणा की गई तो वीरू और गुड्डी के रावण को प्रथम पुरस्कार मिला। इसकी वजह यह थी कि उनके रावण का पुतला, घर में पड़े वेस्ट्स से बनाया गया था। उसमें पटाखे नहीं लगाए गए थे, इसलिए वो पूरी तरह ईको-फ्रेंडली था। कुछ देर बाद सारे रावण के पुतले जलाए गए। सब लोग रावण दहन देखकर तालियां बजा रहे थे। वीरू और गुड्डी ने दादी को 'थैंक यू' बोला, क्योंकि उनके आइडिए की वजह से ही उन्होंने घर पर रावण का पुतला बनाया और प्रथम पुरस्कार भी जीता। *

## कविता

नागेश पांडेय 'संजय'



### विजय दशमी

विजय दशमी का अहा!
त्योहार आया फिर।
सत्य की ही जीत होती,
झूठ आखिर हारता है।
नीति का पथ छोड़ता जो
जग उसे धिक्कारता है।
राम-रावण की कथा का
सार आया फिर।
विजय दशमी का अहा!
त्योहार आया फिर।
लगा है मेला, वहां हैं
खेल, जादू और झूले।
बहुत ऊंचे, बहुत ऊंचे,
यों लगे ज्यों गगन छू ले।
और हां, सर्कस बड़ा
इस बार आया फिर।
विजय दशमी का अहा!
त्योहार आया फिर।

## रंग भरो-160

**रंग भरो-160** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लविश, महासमुंद



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



एनोश, धमतरी



सौम्य, बालोद



प्रगति, रायपुर




अंकित, धमतरी

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

डॉली-मटियारी, चहक-रेवारी, प्रगति-बिलासपुर, प्राक्षी-रोहतक, रविश-महासमुंद, रितेश-मटियारी, शौर्य-कांकेर, सावनि-भिवानी, वसनि-रायपुर, कुसुम-रायपुर, तान्या-बिलासपुर, ज्योत्सना-बालोद, कुणाल-बेमेतरा, अंशिका-मटियारी, अजय-बालोद


## रंग भरो 161



बच्चों, यहां रावण दहन का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां विजय दशमी पर श्रीराम द्वारा रावण वध से संबंधित एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। साथ ही इस चित्र के कलर्ड कट-आउट्स भी दिए गए हैं। तुम इन कलर्ड कट-आउट्स को सही जगह लगाकर इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को पूरा कलरफुल बनाओ।





उत्तर : 1-D, 2-G, 3-A, 4-C, 5-I, 6-H, 7-F, 8-B, 9-E

## टीवी मसाला



# अनिरुद्धाचार्य ने बिग बॉस का हिस्सा बनने पर मांगी माफी

**नई दिल्ली।** कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने 'बिग बॉस 18' के ग्रैंड प्रीमियर का हिस्सा बनने पर माफी मांगी है। दरअसल, 'बिग बॉस 18' के शुरू होने से पहले मेकर्स ने अनिरुद्धाचार्य को शो में आने का ऑफर दिया था। हालांकि, अनिरुद्धाचार्य ने ये कहकर शो का ऑफर ठुकरा दिया था कि सलमान खान का रिएलिटी शो सनातन धर्म के खिलाफ है। ऐसे में जब दर्शकों ने उन्हें 'बिग बॉस 18' के ग्रैंड प्रीमियर पर देखा तो वह दंग रह गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर अनिरुद्धाचार्य को ट्रोल करना शुरू कर दिया है। वहीं, अब अनिरुद्धाचार्य ने लोगों से माफी मांगी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में अनिरुद्धाचार्य कहते हैं, 'यदि मेरे उस बिग बॉस में जाने से अगर किसी सनातनी का दिल दुखा है तो ये बेटा, आपका भाई, आपका दास सारे सनातनियों से क्षमा मांगता है। आप जरूर क्षमा कीजिएगा, क्योंकि मेरे वहां जाने का उपदेश सिर्फ सनातन का प्रचार करना था...।' उन्होंने आगे कहा, 'और मैं एक बार फिर आप से कह दूं, करोड़ों बार आपसे क्षमा मांगूंगा, लेकिन एक बात फिर कहूंगा कि मैंने कहा था कि मैं बिग बॉस में नहीं जाऊंगा, मैं बिग बॉस में नहीं गया... बिग बॉस के जो भीतर जाने वाले अतिथि हैं 18, मैं उनका हिसा नहीं रहा। मैं अतिथि के रूप में सिर्फ आशीर्वाद देने गया था।'

### बिग बॉस ने लगाई हेमा को फटकार

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 की शुरुआत हो चुकी है और सलमान खान के शो यह सीजन शुरुआत से ही चर्चा में है। बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट वकील



गुणरत्न सदावर्ते अपने विवादित बयानों के चलते सुर्खियों में रहते हैं। उन्होंने शो के दौरान दाऊद इब्राहिम और शरद पवार जैसे नमो का भी जिक्र किया है। बिग बॉस 18 का नया प्रोमो जारी हुआ है। जब हेमा शर्मा ने गुणरत्न से उनका नंबर मांगते और लोकप्रिय वकील को उन्हे नंबर देते हुए देखा गया, तब इसपर बिग बॉस ने हस्तक्षेप किया और हेमा को फटकार लगाई। हेमा ने जहां बिग बॉस से माफी मांगी, वहीं बिग बॉस ने गुणरत्न को नियम समझाते हुए उनसे पूछा कि अब से वह किस तरफ केस लड़ेंगे, उनका पक्ष या हेमा का पक्ष। गुणरत्न ने हेमा का पक्ष लेते हुए कहा कि हेमा को इसके बारे में पता नहीं था।

# ये बच्ची थी रतन टाटा का प्यार, अपने टाइम की थी सबसे ग्लैमरस एक्ट्रेस

*नई दिल्ली। प्यार जिंदगी में बहुत से लोगों को मिलता है, लेकिन ऐसे लोग बहुत कम होते हैं जिनका प्यार पूरा होता है और साथ जन्म जन्म का हो जाता है। हम जिस एक्ट्रेस के बारे में आज बात कर रहे हैं, प्यार के मामले में उस एक्ट्रेस का नसीब भी कुछ ऐसा ही रहा है। जिसमें लंबे समय तक बड़े पर्दे को अपनी प्रेजेंस से रोशन किया है। जितना नाम कमाया, इश्क के चर्चे भी उतने ही रहे। लेकिन अफसोस की मोहब्बत का कोई अफसाना हकीकत न बन सका और ये एक्ट्रेस आज भी तन्हा ही जिंदगी गुजारने पर मजबूर है। ये एक्ट्रेस है द लेडी इन व्हाइट, जिन्हें सब सिमी गरेवाल के नाम से भी जानते हैं।*



### 17 साल की उम्र में हुआ प्यार

सिमी गरेवाल को पहला प्यार 17 ही साल की उम्र में हो गया था। उनका ये प्यार थे जामनगर के महाराज। खुद सिमी गरेवाल ने एक इंटरव्यू में अपने इस प्यार के बारे में बताया था। उन्होंने कहा था कि 17 की उम्र में उन्हें उनके पड़ोसी से प्यार हुआ। ये पड़ोसी जामनगर के महाराज थे। दोनों करीब तीन साल तक एक दूसरे के साथ रिलेशन में रहे। इस दौरान दोनों ने अलग- अलग गेम्स और एनिमल लाइफ को एक्सप्लोर किया। सिमी गरेवाल ने उन पुराने दिनों को याद करते हुए कहा था कि वो दिन बेहद खूबसूरत थे। अब वो जब भी उन दिनों को याद करती हैं तो उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाती है।




### सिमी गरेवाल की शादी

इस रॉयल लवस्टोरी के अलावा सिमी गरेवाल का रिलेशन रतन टाटा के साथ भी रहा। एक्ट्रेस अपने उस रिश्ते पर भी खुल कर बात कर चुकी हैं। वो अपने इस रिलेशन को हमेशा ही एक अच्छी याद के रूप में संजो कर रखती हैं। उन्हें वो हमेशा मिस्टर परफेक्शनिस्ट के तौर पर याद करते हैं। इसके साथ ही वो उनके ह्यूमर को भी एडमायर करती रही हैं। इसके बाद 1970 में सिमी गरेवाल की शादी दिल्ली के रवि मोहन से हुई। लेकिन ये रिश्ता भी एक दशक से ज्यादा नहीं चल सका।

## रतन टाटा ने प्रोड्यूस की थी फिल्म कमाए सिर्फ 4.25 करोड़ रुपए

बिजनेस टायकून और टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा ने साल 2004 में एक फिल्म प्रोड्यूस की थी। इस रोमांटिक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में अमिताभ बच्चन ने लीड रोल प्ले किया था। वहीं, जॉन अब्राहम और बिपाशा बसु अहम रोल में थे। अमिताभ और रतन टाटा जैसे बड़ा नाम होने के बाद भी ये फिल्म नहीं चली।

***ये है इस फ्लॉप फिल्म का नाम :*** इस फिल्म का नाम 'ऐतबार' है। इस फिल्म को 9.50 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 4.25 करोड़ रुपए की कमाई की थी। वहीं, इसने वर्ल्डवाइड 7.96 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। यानी फिल्म अपनी लागत तक नहीं निकाल पाई थी।



***रतन टाटा ने पीछे खींचे हाथ :*** 'ऐतबार' के फ्लॉप होने पर मेकर्स को तकरीबन डेढ़ करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। ऐसे में रतन टाटा ने फिल्म इंडस्ट्री से अपने हाथ पीछे खींच लिए। उन्होंने इस फिल्म के बाद कभी किसी फिल्म में पैसा नहीं लगाया।

***अमेरिकी फिल्म से प्रेरित थी 'ऐतबार' :*** 'ऐतबार', 1996 में आई अमेरिकी फिल्म 'फियर' से प्रेरित थी। इस फिल्म में एक पिता की कहानी दिखाई गई है जो अपनी बेटी को बचाने के लिए हर हद पार कर जाता है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने डॉ. रणवीर मल्होत्रा, बिपाशा बसु ने उनकी बेटी रिया मल्होत्रा और जॉन अब्राहम ने रिया के पागल आशिक की भूमिका निभाई थी।

## आज रिलीज होंगी 8 फिल्में 4 साउथ की हैं शामिल...

**मुंबई।** इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 11 अक्टूबर को धमाल मचने वाला है, क्योंकि सिनेमाघरों में एक साथ 8 फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इनमें से 3 बॉलीवुड, 1 मराठी और 4 साउथ की फिल्में शामिल हैं। 'स्त्री 2' के बाद मशहूर एक्टर राजकुमार राव की अगली फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' आखिरकार 11 अक्टूबर सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म भी एक बार फिर उनके किरदार का नाम विक्की ही रखा गया है। जिगरा यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन वासन बाला ने किया है, जिन्होंने इसे देबाशीष इरेंगबाम के साथ मिलकर लिखा भी है। मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर व सिंगर हिमेश रेशमिया वैसे तो कई फिल्मों में अभिनय करते हुए नजर आ चुके हैं। अब उनकी एक और फिल्म 'बैडएस रवि कुमार' 11 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। ब्लैक एक तमिल भाषा की साइंस फिक्शन हॉरर फिल्म है, जो केजी बालासुब्रमणि द्वारा लिखित और निर्देशित है। फिल्म में जीवा और प्रिया भवानी शंकर मुख्य भूमिका में हैं। फुलवंती एक भारतीय मराठी भाषा की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन अभिनेत्री स्नेहल तारदे ने किया है।



विश्वम तेलुगू भाषा की एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जो श्रीनु वैतला द्वारा निर्देशित है, जिन्होंने गोपीमोहन, भानु-नंदू और प्रवीण वर्मा के साथ फिल्म लिखी है और पीपल मीडिया फैक्ट्री और चित्रालयम स्टूडियो द्वारा निर्मित है। फिल्म में गोपीचंद और काव्या थापर मुख्य भूमिका में हैं। मां नन्ना सुपरहीरो सुधीर बाबू की मोस्ट अवेटेड फिल्म है। मार्टिन एक कन्नड़ भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन एपी अर्जुन ने किया है, जो अर्जुन सरजा की कहानी पर आधारित है और उदय के. मेहता द्वारा निर्मित है।

# अभिनय ही नहीं, संगीत में भी माहिर हैं बिग बी 'कल्कि 2898 एडी' समेत कई फिल्मों में गाया गाना

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मेगास्टार कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन की कायल पूरी दुनिया है। उन्होंने बीते पांच दशकों से अपने शानदार अभिनय की बदौलत लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया है। अभिनेता ने इस दौरान एक से बढ़कर एक फिल्मों में शानदार अभिनय किया है। अभिनय की दुनिया में अपना बड़ा नाम हासिल करने वाले बिग बी सिर्फ अभिनय में ही नहीं, बल्कि संगीत में भी खूब कमाल दिखाया है। साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'चुपः द रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट' में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर का काम किया है। इसके अलावा कई फिल्मों में उन्होंने गाने भी गाए हैं। चलिए जानते हैं संगीत से कैसा रहा बिग बी का नाता।



**आवाज के लिए हुए थे रिजेक्ट :** अमिताभ बच्चन की शख्सियत में चार चांद लगाती है उनकी आवाज। उनकी भारी आवाज को दर्शक काफी पसंद करते हैं। इस आवाज में जब वह कोई डॉयलॉग बोलते हैं, तो वह दर्शकों के दिल में उतर जाता है। हालांकि, कहा जाता है कि उनकी भारी आवाज की वजह से ही उन्हें ऑल इंडिया रेडियो की तरफ से रिजेक्ट कर दिया गया था, लेकिन आज उनकी इस भारी आवाज में गाए गाने भी लोगों को खूब पसंद आते हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में कई फिल्मों में सुपरहिट गाने भी गाए हैं।

**'कल्कि 2898 एडी' में भी गाया है गाना :** अमिताभ बच्चन ने अपनी नवीनतम फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में भी 'केशवा' गाना गाया था, जो उनकी आवाज में काफी प्रभावशाली लगता है। उनके गायिकी की शुरुआत हुई साल 1979 में आई फिल्म 'मि. नटवरलाल' से, जिसमें उन्होंने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तो' गाना गाया। इस गाने को काफी पसंद किया गया। इसके बाद तो उन्होंने कई और गाने गाए। 'रंग बरसे', 'मैं यहां तू वहां', 'मेरे अंगने में', 'चली चली फिर', 'नीला आसमान सो गया', 'वक्त ने क्या किया हसीन सितम', 'मैं यहां तू वहां', 'होरी खेले रघुवीरा' जैसे उनके गाए कई गाने आज भी लोगों को काफी पसंद आते हैं।

**वॉइस ओवर के लिए भी काफी पसंद किए जाते हैं अमिताभ :** गानों के अलावा वॉइस ओवर के लिए भी अमिताभ बच्चन की आवाज को काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। 'कल्की 2898 एडी' में उन्होंने कुछ भाषाओं में अपने डॉयलॉग्स खुद डब किए हैं, जो काफी प्रभावी लगते हैं। उन्होंने कई फिल्मों के अलावा विज्ञापनों में भी अपनी आवाज दी है। उन्होंने फिल्मों में अभिनय के अलावा फिल्म निर्माण में भी कदम रखा था। उन्होंने साल 1995 में एक मल्टी-मीडिया प्रोडक्शन कंपनी 'एबीसीएल' भी खोली थी। फिल्म निर्माण और वितरण के अलावा उनकी कंपनी बॉलीवुड साउंडट्रैक की सीडी भी निकालती थीं। हालांकि, बाद में घाटे की वजह से उनकी कंपनी बंद हो गई और उन्हें गंभीर आर्थिक समस्याएं झेलनी पड़ी थीं।

# अभिनय के साथ खेल में भी हैं माहिर

एजेंसी ▶▶ मुंबई



साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने हमेशा से ही अभिनेत्री बनने का सपना देखा था। उन्होंने पढ़ाई पूरी करने से पहले ही 18 वर्ष की आयु में मॉडल के रूप में अपना सफर शुरू कर दिया था। इसके अलावा रकुल राष्ट्रीय स्तर पर गोल्फ भी खेल चुकी है। रकुल ने छोटी उम्र मे ही अपने करियर की शुरुआत की थी। 18 वर्ष की उम्र में मॉडलिंग शुरू करने के बाद उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2009 में एक कन्नड़ फिल्म 'गिल्ली' से की। रकुल ने इसके बाद फिल्म से ब्रेक लेकर अपनी पढ़ाई पूरी करने का फैसला किया। 2011 में रकुल ने अपनी पढ़ाई पूरी कर एक बार फिर फिल्मों में कदम रखा और रकुल का वह कदम काफी रोमांचक रहा। अभिनेत्री को तेलुगू फिल्म में काम करने का मौका मिल गया। उन्हें 2012 के तमिल फिल्म 'ठदाईयारा थाक्का' में सहायक किरदार निभाने का मौका मिला। 2013 में उन्हें तमिल फिल्म 'पुथगम' और तेलुगू फिल्म 'वेंकटद्री एक्सप्रेस' में लिया गया और दोनों ही फिल्में कमाई करने में सफल रहीं। इसी के साथ उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का 61वां फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला।




# 'सिंघम अगेन' की टीम करेगी रावण दहन

**नई दिल्ली।** इस साल दिल्ली की रामलीला और भी खास होने वाली है। दिल्ली की लव कुश रामलीला में इस साल फिल्म 'सिंघम अगेन' की टीम रावण दहन के लिए पहुंचेगी। इस बार दिल्ली की रामलीला में अजय देवगन, करीना कपूर खान, रोहित शेट्टी को रावण दहन के लिए आमंत्रित किया गया है। खास बात है कि इस आमंत्रण को मेकर्स ने स्वीकार कर लिया है। 12 अक्टूबर को रावण दहन के कार्यक्रम ये टीम शामिल होगी। खबरों की मानें तो रावण दहन के लिए अजय देवगन, करीना कपूर खान, रोहित शेट्टी पहुंचने वाले हैं। सिंघम अगेन इस साल दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का मुकाबला कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 से होगा। उनकी इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया है।

# 'देवरा पार्ट-2' में जान्हवी की एंट्री पक्की...

**मुंबई।** देवरा के निर्देशक कोराताला शिवा ने हाल ही में जूनियर एनटीआर की एक्शन ड्रामा के सीक्वल पर चर्चा की और कहा कि इस बार सीक्वल में जान्हवी कपूर तो होंगी। लेकिन, फिल्म के सीक्वल में इस बार किसी बॉलीवुड अभिनेता का कैमियो भी हो सकता है। जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर अभिनीत देवराः भाग 1 बॉक्स ऑफिस पर लगातार कमाल दिखा रही है। फिल्म की सफलता से उत्साहित, निर्देशक कोराताला शिवा और उनकी टीम ने पहले ही सीक्वल, देवराः भाग 2 के बारे में चर्चा शुरू कर दी है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कोराताला शिवा ने देवरा पार्ट 2 को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, वे महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए हिंदी फिल्म उद्योग से कुछ जाने-माने नामों को लाने की योजना बना रहे हैं।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**घरेलु कार्य**

**आवश्यकता है-** घर का समस्त कार्य करने के लिए मेहनती एक लड़की/महिला कामवाली की,24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा मुफ्त जल्दी **संपर्क करें - रायपुर** mobile - **7024379094 ,9171877210.** (RO-298)

**दुकान कार्य**

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645.** (RO-3038)

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक लाइन के लिए सेल्समैन एंव दुकान कार्य हेतु लड़के /लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्वयं आकर ही **संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261-13735. समय 11:00 से 8:00 बजे** (RO-318)

**क्लीनिक कार्य**

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लीनिक, रायपुरा चौक में काम करने के लिए लड़के/लड़कीयों की आवश्यकता हैं। **सम्पर्क करें- ओम सांई डिजीटल डेंटल क्लीनिक, मो. नं. 8085354424, 6260978207, 0771-4086030.** (RO-6958)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**स्टेशनरी कार्य**

**आवश्यकता है-** स्टेशनरी शो रूम में काम करने हेतु लड़के एंव लड़कीयों की आवश्यकता हैं। समय 11 से 9 वेतन योग्यतानुसार **डायरी हाऊस बंजारी रोड गोल बाजार रायपुर 0771-4036253, 9329100996.** (RO-5967)

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** सर्जिकल आफिस में सामान छोडने, लाने हेतु लडको की आवश्यकता है। योग्यता,10 वी, 12 वी,स्वयं की बाईक अनिवार्य **संपर्क करेः- रामा मेडिटेक ,गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर -15/A, रायपुर 7089933233.** (RO-808)

**ड्रायवर/घरेलु कार्य**

**आवश्यकता है-** रायपुर, शंकर नगर vip वी आई पी कॉलोनी में एक ड्राइवर एवं घरेलू काम के लिए पति पत्नी (फैमिली) की आवश्कता है, रहने के लिए कमरा उपलब्ध है, **संपर्क करें 94252 05358.** (RO-20)

**आवश्यकता है-** रायपुर मे घरेलू कर चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड के साथ **संपर्क करें। 9329121313.** (RO-2430)

**कुक/सफाई कर्मी**

**आवश्यकता है-** देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने कुक, रोटी बनाने हेतु महिला एवं ड्राइवर की। रहना, खाना फ्री। तुरन्त **संपर्क करेः- मो.- 9303657790, 7970259986.** (आरो न.-602)

**मिलमिस्त्री/हेल्पर**

**आवश्यकता है-** दुर्ग स्थित राईसमिल हेतु एक मिलमिस्त्री अनुभवी के साथ एक हेल्फर एवं 3 सुपरवाइजर लड़को की आवश्यकता है। रहने की सुविधा, चावल, सिलेंडर फ्री। **संपर्कः- जवाहरनगर नवीन ट्रांसपोर्ट के बाजू में दुर्ग मो.- 93033-09932, 79870-85401.** (आरो -599)

**अन्य**

**आवश्यकता है-** Airport डायरेक्ट भर्ती अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, ग्राउंडस्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, ड्राईवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस, फंड, बोनस, (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) **रायपुर संपर्क:- 9205219535.** (RO-3011)

**Business व्यापार**

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871.** (RO-2998)

**Finance फायनेंस**

**फाइनेंस -** लोन! लोन! लोन! DHANI FINANCE (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) **संपर्क:- 9201996879.** (RO-3040)

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841.** (RO-3035)

**Education शिक्षण**

**मेडिकल प्रवेश-** 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग (छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048. (आरो न.-6387)

**For Rent किराया**

**किराये पर उपलब्ध है-** तालपुरी ए ब्लॉक में 180 वर्गफ़ीट की दुकान। क्लिनिक, डेलिनीड्स, बुटिक, ब्यूटीपार्लर, मेडिकल स्टोर, लॉड्री हेतु किराए पर उपलब्ध। पानी ,वाशरूम उप्लब्ध, MO.- **94252-38690, 79997-73431.** (आरो न.-601)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Healthcare**

**चमड़ी रोग**

क्या आप कोई गंभीर चमड़ी रोगो से परेशान है जिसका उपाय नहीं मिल रहा हो, इसमे सोरियासिस एक जटिल लाईलाज रोग हैं। क्योकि यह वात, पित्त, कफ, किसी एक विकृति के कारण यह रोग होता है। आप कैसे जानेंगे कि किस विकृति से रोग हुआ हैं। परंतु कारण को जाने बिना स्टेराइड इत्यादि दवा से इसे दबाने की कोशिश करते हैं जो रोग बाद में जिद्दी एवं पुराना हो जाता है। यह आटो इम्यून डिसआर्डर रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा हैं ही नहीं। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते । इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर मे रुसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमे कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किडनी खराब हो गये यदि समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो तो मिलें।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लीनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
**डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)**
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरुस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
9425555659, 9617789223
**डॉ. वी. के. अग्रवाल** (बीएएमएस)
(आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि. 00255)
9303948500
**निशांत अग्रवाल** (फार्मासाईटिस्ट)
9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग (छत्तीसगढ़)समय - शाम 4 से 7 बजे। अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




## खबर संक्षेप

### वेदांता रिसोर्सेज ने बांड के लिए दिए 86.9 करोड़ डॉलर




**नई दिल्ली।** वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड ने कहा कि उसने परिपक्वता समय से तीन से चार साल पहले बांड को भुनाने के लिए अक्टूबर में बांडधारकों को 86.9 करोड़ डॉलर का भुगतान किया। कंपनी - वेदांता रिसोर्सेज फाइनेंस टू पीएलसी, ब्याज लागतों को बचाने के लिए उच्च ब्याज दर वाले बांड का पुनर्भुगतान कर रही है।

### अदाणी एंटरप्राइजेज क्यूआईपी से जुटाएगी 4200 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) निर्गम के जरिये बड़े निवेशकों को 4,200 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचने की मंजूरी दे दी। क्यूआईपी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए बाजार नियामकों के समक्ष वैध कागजी कार्रवाई को पूरा किए बगैर पूंजी जुटाने का एक तरीका है।

### स्टार हेल्थ पर ग्राहकों की जानकारी बेचने का आरोप

**नई दिल्ली।** स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के करीब 3.1 करोड़ ग्राहकों के मोबाइल नंबर, पैन, पता और पहले से मौजूद चिकित्सकीय स्थिति जैसी निजी जानकारी कथित तौर पर शेनजेन नामक हैकर की वेबसाइट पर बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। सीआईएसओ ने ग्राहकों से जुड़ी ये सारी सूचनाएं बेची और बाद में उनके सौदे की शर्तों को बदलने की कोशिश की।

### आईआरबी इन्फ्रा 20 करोड़ डॉलर तक कर्ज जुटाएगी




**नई दिल्ली।** आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने विदेशी मुद्रा आधारित ऋणपत्र जारी कर 20 करोड़ डॉलर जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कंपनी ने कहा कि वह वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए वित्तीय संस्थानों सहित विभिन्न स्रोतों से सावधि ऋण लेने का इरादा रखती है।

### एचडीएफसी लाइफ एनसीडी से 1,000 करोड़ जुटाएगी

**नई दिल्ली।** बीमाकर्ता एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस ने कहा कि वह अपना कारोबार बढ़ाने के लिए गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के जरिये 1,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। निजी बीमा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के निदेशक मंडल की पूंजी जुटाने वाली समिति ने इस आशय का निर्णय लिया।

### इरेडा का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 36 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इरेडा का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 36 प्रतिशत बढ़कर 387.75 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। बीते वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 284.73 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल परिचालन आय 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 38.52 प्रतिशत बढ़कर 1,630.38 करोड़ रुपये रही।

# टाटा मेरे हीरो, उनकी प्रेरणा से ओला ईवी की स्थापना : भाविश

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

■ टाटा इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर काफी उत्सुक थे

ओला के संस्थापक भाविश अग्रवाल ने कहा कि रतन टाटा ने उनमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को लेकर जुनून जगाया और इसी वजह से ओला इलेक्ट्रिक की स्थापना हुई। अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'रतन टाटा, मेरे हीरो' शीर्षक से लिखा है कि कैसे टाटा ने ओला इलेक्ट्रिक की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


भाविश ने कहा, ''एक कहानी मैं आज साझा करना चाहता हूं। मेरी दूसरी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक की स्थापना में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। 2017 में एक दिन मुझे उनका फोन आया और उन्होंने मुझसे मुंबई आने के लिए कहा। अग्रवाल ने लिखा, ''उन्होंने सिर्फ इतना कहा ''मैं भावी आपको कहीं ले जाने और कुछ रोमांचक चीजें दिखाना चाहता हूं।''

### इलेक्ट्रिक वाहन को लेकर रतन टाटा ने ही जुनून जगाया

#### टाटा बात सुनने के बाद अपनी राय देते थे

अग्रवाल ने कहा, ''यही वह दिन था जब ओला इलेक्ट्रिक वास्तव में शुरू हुई थी। क्योंकि उसने मेरे अंदर इलेक्ट्रिक वाहनों और कारों के लिए जुनून जगाया। उन्होंने कहा, ''उसके बाद, हमने जिस भी उत्पाद की परिकल्पना की और डिजाइन किया, मैं उनके पास जाकर उन्हें दिखाता था। वह मेरी बातों को ध्यान और पूरे धीरज के साथ सुनते और अपनी राय देते थे।''

*वे मुझे अपने विमान से कोयंबटूर ले गए थे : अग्रवाल ने कहा, '' ...इलेक्ट्रिक वाहन बनाने की उनकी निजी परियोजना को देखने के लिए हम उनके विमान से कोयंबटूर गये। वह इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर बहुत उत्साहित थे। वह मुझे एक परीक्षण ट्रैक पर भी ले गये। उन्होंने इंजीनियरिंग स्तर पर कुछ सुधारों के बारे में भी सुझाव दिये।''*



#### टाटा ने किया था ओला में निवेश का फैसला

अग्रवाल ने कहा, ''2015 में, मुझे टाटा से मिलने का मौका मिला और उन्होंने ओला में निवेश करने का फैसला किया। लेकिन उनके साथ मेरी बातचीत यहीं खत्म नहीं हुई। वह तो बस शुरू ही हुए थे। टाटा का व्यक्तित्व अलग था, मैं जिनसे भी मिला, वह सब उद्योगपतियों से बल्कुल अलग थे।''

#### टाटा मेरे लिए भी हीरो थे

अग्रवाल ने कहा, ''टाटा का निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। अन्य लोगों की तरह वह मेरे लिए भी हीरो थे... टाटा के साथ मेरा रिश्ता 2008 में शुरू हुआ। मैं आईआईटी बॉम्बे से स्नातक कर रहा था और वह हमारे दीक्षांत समारोह में अतिथि वक्ता के रूप में आये थे। मैं उस समय युवा था लेकिन देश की सेवा को लेकर उनकी कही बातें मेरे मन में बस गयी।'

## भुगतान प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता 'वर्ल्डलाइन' ने जारी की रिपोर्ट

# यूपीआई लेनदेन की संख्या इस साल की पहली छमाही में 52 फीसदी बढ़ी

जनवरी, 2023 में यूपीआई लेनदेन की संख्या 8.03 अरब थी
लेनदेन की संख्या जून, 2024 तक बढ़कर 13.9 अरब हो गई

*देश में त्वरित भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिये होने वाले लेनदेन की संख्या वर्ष 2024 के पहले छह महीनों में सालाना आधार पर 52 प्रतिशत बढ़कर 78.97 अरब हो गई। भुगतान प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता 'वर्ल्डलाइन' ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।*

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वर्ल्डलाइन ने जनवरी-जून, 2024 के लिए तैयार अपनी रिपोर्ट में कहा कि यूपीआई भुगतान का बाजार पर दबदबा कायम है और इसकी पहुंच तेजी बढ़ रही है। रिपोर्ट कहती है कि जनवरी, 2023 में यूपीआई लेनदेन की संख्या 8.03 अरब थी जो जून, 2024 तक बढ़कर 13.9 अरब हो गई।

### जून 2024 में लेनदेन बढ़कर 20.07 लाख रुपए

लेनदेन की संख्या में यह वृद्धि भुगतान मूल्य में हुई बढ़ोतरी से भी मेल खाती है। जनवरी, 2023 में 12.98 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन यूपीआई के जरिये हुआ था जो जून, 2024 में बढ़कर 20.07 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### इस साल लेनदेन की संख्या 78.97 अरब हुई

रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024 की पहली छमाही की तुलना पिछले साल की समान अवधि से करने पर यूपीआई लेनदेन की संख्या में 52 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। लेनदेन की संख्या वर्ष 2023 की पहली छमाही में 51.9 अरब थी जो इस साल की समान अवधि में 78.97 अरब हो गई।







यूपीआई भुगतान का बाजार पर दबदबा कायम, पहुंच बढ़ रही

### औसत टिकट आकार पहली छमाही से घटा

हालांकि, इस साल की पहली छमाही में यूपीआई लेनदेन के औसत टिकट आकार (प्रति लेनदेन मूल्य) में आठ प्रतिशत की गिरावट देखी गई। औसत टिकट आकार पिछले साल की पहली छमाही में 1,603 रुपये था जबकि इस साल की पहली छमाही में यह 1,478 रुपये रह गया। औसत टिकट आकार में व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) और व्यक्ति-से-दुकानदार (पी2एम) लेनदेन शामिल होते हैं।

### यूपीआई लेनदेन का मूल्य 40 फीसदी बढ़ा

इस दौरान यूपीआई लेनदेन का मूल्य 40 प्रतिशत बढ़ा है। यह 83.16 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 116.63 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआई लेनदेन की संख्या और मूल्य दोनों के लिहाज से फोनपे अग्रणी यूपीआई मंच के तौर पर सामने आया है जबकि गूगलपे और पेटीएम का स्थान उसके बाद आता है।

### सूक्ष्म लेनदेन के लिए पसंदीदा

वर्ल्डलाइन इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रमेश नरसिम्हन ने कहा, ''यूपीआई लेनदेन में यह उल्लेखनीय वृद्धि, खासकर पी2एम खंड में सूक्ष्म लेनदेन के लिए पसंदीदा तरीके के तौर पर इसकी स्थिति को मजबूत करती है। यह आने वाले वर्षों में दीर्घकालिक टिकाऊपन और बड़े लेनदेन की तरफ कदम बढ़ाने का संकेत है।''

# टीसीएस को दूसरी तिमाही में 11909 करोड़ रुपए का मुनाफा

एजेंसी ▸▸| मुंबई




■ शेयरधारकों को 10 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का एलान
■ कंपनी के नतीजे बाजार बंद होने के बाद घोषित किए गए

देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए नतीजे घोषित कर दिए हैं। ऑपरेशंस से कंपनी का रेवेन्यू इस तिमाही में 8 फीसदी बढ़कर 64,259 करोड़ रुपए रहा है मुनाफा 11909 करोड़ रुपए रहा है। कंपनी ने अपने शेयरधारकों को 10 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड भी देने की घोषणा की है।

टीसीएस ने तिमाही नतीजे घोषित करते हुए बताया कि ऑपरेशंस से कंपनी का रेवेन्यू 64,259 करोड़ रुपए है जो पिछले साल की इसी तिमाही में 59,692 करोड़ रुपए के रेवेन्यू से 8 फीसदी ज्यादा है। दूसरी तिमाही में कंपनी को 11909 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 11,342 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी ने अपने शेयरधारकों को सौगात दी है और दूसरे अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है।

टीसीएस अपने शेयरधारकों को 10 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देगी और इसका भुगतान 5 नवंबर को किया जाएगा। डिविडेंड तय करने के लिए 18 अक्टूबर रिकॉर्ड डेट तय किया गया है।

### टीसीएस के शेयर में मामूली गिरावट

कंपनी के नतीजे बाजार बंद होने के बाद घोषित हुए हैं। आज के सत्र में टीसीएस का शेयर 0.6 फीसदी की गिरावट के साथ 4228 रुपए पर क्लोज हुआ है। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा के निधन के टाटा समूह में शोक की लहर है उस बीच टीसीएस ने अपनी तिमाही नतीजे घोषित किए हैं। हालांकि नतीजो के लेकर होने वाली प्रेस कॉफ्रेंस को कंपनी ने टाल दिया है।


# सोने में 350 रुपए की गिरावट और चांदी 300 रुपए मजबूत

■ सोने की कीमत गिरकर 77, 350 रुपए प्रति दस ग्राम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और फुटकर कारोबारियों की कमजोर मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 350 रुपये गिरकर 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। बुधवार को सोना 77,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी की कीमत 300 रुपये मजबूत होकर 91,500



रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। एक दिन पहले चांदी 91,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजारों में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 350 रुपये घटकर 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

*डॉलर में मजबूती के कारण सोने में गिरावट*

*एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''अमेरिकी डॉलर में मजबूती और फेडरल रिजर्व के नीति निर्माताओं की आक्रामक टिप्पणियों के कारण बृहस्पतिवार को सोने में हल्की गिरावट देखी गई। इन टिप्पणियों से अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बड़ी कटौती की संभावना कम हो गई है।'*

## पीएम इंटर्नशिप पोर्टल पर कंपनियों ने 50 हजार अवसर किए सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए बनाए गए पोर्टल पर अब तक 130 से अधिक कंपनियों ने करीब 50,000 इंटर्नशिप अवसरों को सूचीबद्ध किया है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस पोर्टल पर 12 अक्टूबर से आवेदक अपना पंजीकरण करा सकेंगे। कंपनियों के अवसरों को सूचीबद्ध करने के लिए पोर्टल तीन अक्टूबर को खोला गया था। जुबिलेंट फूडवर्क्स, आयशर मोटर, लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और मुथूट फाइनेंस सहित 130 से अधिक कंपनियों ने इस पोर्टल पर इंटर्नशिप के अवसर पेश किए हैं।

# टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में 10% की तेजी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में बृहस्पतिवार को 10 प्रतिशत तक की तेजी आई। टाटा केमिकल्स और टाटा टेलीसर्विसेज के शेयरों ने सबसे अधिक बढ़त दर्ज की। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा




का बुधवार देर रात निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी. के. विजयकुमार ने कहा, निवेशक टीसीएस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाटा कंज्यूमर और इंडियन होटल्स जैसे शेयरों को खरीदकर रतन टाटा और उनके द्वारा निर्मित महान कॉर्पोरेट साम्राज्य को श्रद्धांजलि दे सकते हैं।'

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 10 प्रतिशत घटा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




■ सितंबर में निवेश घटकर 34,419 करोड़ रुपए
■ बड़ी कंपनियों के कोष में निवेश में भारी गिरावट दर्ज

इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में सितंबर के दौरान 34,419 करोड़ रुपए निवेश आया जो अगस्त की तुलना में 10 प्रतिशत की गिरावट है। म्यूचुअल फंड निकाय ने यह जानकारी दी। क्षेत्र आधारित कोष और बड़ी कंपनियों के कोष में निवेश में भारी गिरावट आने से मासिक स्तर पर गिरावट दर्ज की गई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर, 2024 इक्विटी कोषों में शुद्ध प्रवाह का लगातार 43वां महीना रहा है। म्यूचुअल फंड उद्योग ने अगस्त महीने में 1.08 लाख करोड़ रुपये की निकासी देखी थी जबकि सितंबर में यह निकासी 71,114 करोड़ रुपये रही। ऋण योजनाओं में 1.14 लाख करोड़ रुपये की निकासी होने के कारण भारी प्रवाह हुआ। इस निकासी के बावजूद म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन-अधीन शुद्ध परिसंपत्तियां पिछले महीने बढ़कर 67 लाख करोड़ रुपये हो गईं जबकि अगस्त के अंत में यह 66.7 लाख करोड़ रुपये थीं। आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी-केंद्रित योजनाओं में पिछले महीने 34,419 करोड़ रुपये का निवेश हुआ जो अप्रैल के बाद का सबसे निचला स्तर है। अगस्त के 38,239 करोड़ रुपये और जुलाई के 37,113 करोड़ रुपये की तुलना में यह प्रवाह काफी कम था।इसके अलावा इक्विटी योजनाओं में जून और मई में क्रमशः 40,608 करोड़ रुपये और 34,697 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इक्विटी योजनाओं के भीतर क्षेत्र आधारित कोषों ने समीक्षाधीन महीने में 13,255 करोड़ रुपये के उच्चतम शुद्ध प्रवाह के साथ निवेशकों को आकर्षित किया।

### बड़ी कंपनियों से जुड़े कोषों में प्रवाह घटा

हालांकि, अगस्त के 18,117 करोड़ रुपये की तुलना में प्रवाह कम रहा। इसके अलावा बड़ी कंपनियों से जुड़े कोषों में भी प्रवाह 2,637 करोड़ रुपये से घटकर 1,769 करोड़ रुपये रह गया।

## दूरसंचार कंपनियों का प्रति ग्राहक राजस्व बढ़ा : ट्राई

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनियों की मोबाइल सेवाओं के लिए प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक राजस्व जून तिमाही में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 157.45 रुपए हो गया। दूरसंचार नियामक ट्राई की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इससे पिछली तिमाही जनवरी-मार्च 2024 के दौरान दूरसंचार कंपनियों का प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक राजस्व (एआरपीयू) 153.54 रुपये था। इस तरह मार्च तिमाही के मुकाबले अप्रैल-जून तिमाही में एआरपीयू 2.55 प्रतिशत बढ़ा। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी तिमाही प्रदर्शन संकेतक रिपोर्ट में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही के लिए दूरसंचार सेवा क्षेत्र का समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) 70,555 करोड़ रुपये हो गया। इसमें तिमाही आधार पर 0.13 प्रतिशत और सालाना आधार पर 7.51 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## बिजनेस साइट

### कासा ड्रीम में इंपोर्टेड ब्रांड्स के आउटडोर फर्नीचर कलेक्शन की लांचिंग आज




**रायपुर।** रिंग रोड नं. 1 राजेन्द्र नगर, आर्च ब्रिज के पास स्थित कासा ड्रीम, जो कि अफोर्डेबल लक्जरी फर्नीचर के लिए छत्तीसगढ़ और ओडिशा में प्रसिद्ध है, शोरूम ने अपने आउटडोर फर्नीचर कलेक्शन की लांचिंग की घोषणा की है। यह लांचिंग शुक्रवार को होगी, जिसमें दो नए फ्लोर को रिनोवेट करके छह विश्व प्रसिद्ध ब्रांडों के आउटडोर फर्नीचर को प्रस्तुत किया जाएगा। कासा ड्रीम पिछले आठ वर्षों से ग्राहकों के बीच अपने यूनिक कलेक्शन एवं विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है। यहां विभिन्न प्रकार के इंडोर और आउटडोर फर्नीचर उपलब्ध हैं जिसमें सोफा, डाइनिंग टेबल, डाइनिंग चेयर्स, कंसोल टेबल, बैडरूम सेट, ऑफिस फर्नीचर और आकर्षक आउटडोर फर्नीचर जैसी कई चीजें उपलब्ध हैं। शोरूम के संचालक किशोर खेतपाल ने बताया कि हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के ग्राहकों को अफोर्डेबल लक्जरी कलेक्शन उपलब्ध कराना है। ताकि उन्हें दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों में भटकना ना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि कासा ड्रीम में सभी अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय ब्रांड के फर्नीचर किफायती दरों पर उपलब्ध है। जहां प्रदेशवासियों को एक ही छत के नीचे लक्जरी फर्नीचर का आनंद मिल सकेगा।

**NATIONAL SAFAI KARAMCHARIS FINANCE AND DEVELOPMENT CORPORATION (NSKFDC)**
(A Government of India Undertaking under the Ministry of Social Justice and Empowerment)

**Hiring for Project Managers under NAMASTE**

NSKFDC is the nodal agency for implementing the National Action for Mechanized Sanitation Eco-system (NAMASTE) scheme, aimed at zero sanitation deaths and ensuring safety and dignity of sewer and septic tank workers. NAMASTE is being implemented in all cities of the country focusing on sewers and septic tank workers. The scheme has been recently modified to include Waste Pickers as well and various scheme benefits are to be extended to the waste pickers under the scheme across the country.

NSKFDC requires young and dynamic professionals to work as Project Managers purely project based and temporary basis Project Implementation Unit(PIU) to be set up for implementation of the Waste Picker component of NAMASTE.

The Information Brochure containing eligibility conditions, work profile and format of application etc. may be downloaded from NSKFDC website:https://nskfdc.nic.in/en/content/home/recruitment-0. Applications complete in all aspects should be submitted latest by 24.10.2024.

CBC-38123/11/0001/2425

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि.**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

क्र./48-00/सामा./2809 — कसडोल, दिनांक 10/10/2024

**// बिजली बंद की सूचना //**

(संचा./ संधा.) संभाग छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री. कं. लिमि. कसडोल के सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि चांदन वितरण केन्द्र में दीपावली पूर्व मेंटेनेंस कार्य हेतु निम्नांकित दिनांक को प्रातः 09:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक नीचे दर्शाये क्षेत्रानुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।


| क्र. | दिनांक | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र के समस्त उपभोक्ता |
|---|---|---|---|
| 01 | 13.10.2024 | 11 के.व्ही. देवरूम फीडर | देवरूम, गोलाझर |
| 02 | 14.10.2024 | 11 के. व्ही. अचानकपुर फीडर | अचानकपुर, बाघमाडा एवं देवगांव |
| 03 | 15.10.2024 | 33 के. व्ही. राजपुर एवं चांदन फीडर | राजादेवरी, मांदीप, नगेडा एवं चांदन सब स्टेशन से निकलने वाले समस्त फीडरों के अतर्गत आने वाले ग्राम एवं एच.टी. कनेक्शन सन राईस इंन्डस्ट्रीस |
| 04 | 16.10.2024 | 33 के.व्ही. राजपुर एवं चांदन फीडर | राजादेवरी, मानदीप, नगेडा एवं चांदन सब स्टेशन से निकलने वाले समस्त फीडरों के अतर्गत आने वाले ग्राम एवं एच.टी. कनेक्शन सन राईस इंन्डस्ट्रीस |
| 05 | 17.10.2024 | 33 के. व्ही. राजपुर एवं चांदन फीडर | राजादेवरी, मानदीप, नगेडा एवं चांदन सब स्टेशन से निकलने वाले समस्त फीडरों के अतर्गत आने वाले ग्राम एवं एच.टी. कनेक्षन सन राईस इंन्डस्ट्रीस |
| 06 | 18.10.2024 | 11 के.व्ही. राजादेवरी बस्ती | राजादेवरी |
| 07 | 19.10.2024 | 11 के.व्ही. नगेडा | गनीयारी, नगेडा, करमेल, सराईपाली, गांजरडिही, अर्जुनी, बेलारी |
| 08 | 20.10.2024 | 11 के.व्ही. कुशभाठा बस्ती फीडर | कुशभाठा, खैरा, भानपुर, कुशगढ़, थरगॉव |
| 09 | 21.10.2024 | 11 के.व्ही. रिकोकला बस्ती | लिरीडीपा, सुखरी, छतवन, लुकाउपाली, रिकोकला, रिकोखुर्द, रूनझुनी, अमरूवा |
| 10 | 22.10.2024 | 11 के.व्ही. बेलारी बस्ती फीडर | मानदिप, नगरदा, छाता,कुरमाझर, कलमिदादर, कवहाजुनवानी, बानीखार, मगरदरहा, थरगॉव, निठोरा |
| 11 | 23.10.2024 | 11 के.व्ही. सोनाखान बस्ती फीडर | सोनाखान, कुम्हारी, कोर्राडीही, कसोंदी, भुशडीपाली, महकम |

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभव है।

''स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा का संरक्षण करें।''

आर.के.साहू 91543882
कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग,
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. कसडोल

# शंघाई मास्टर्स : सिनर सेमीफाइनल में, गॉफ ने वुहान ओपन के क्वार्टर में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| शंघाई

इटली के शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने गुरुवार को यहां शंघाई मास्टर्स में पांचवीं रैंकिंग के दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सिनर का यह सत्र का पांचवां एटीपी मास्टर्स सेमीफाइनल है। सिनर ने सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया और रूसी खिलाड़ी को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। अब उनका सामना दूसरे रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और टॉमस मचाक के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।



## कोको की आसान जीत

वुहान ओपन में कोको गॉफ ने एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में 17वीं रैंकिंग की मार्टा कास्त्युक को 6-4, 6-1 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ का सामना 45वीं रैंकिंग की माग्डा लिनेटे से होगा जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दारिया कसातकिना को 6-2, 6-3 से हराया। तीसरी रैंकिंग जेसिका पेगुला को 51वीं रैंकिंग की वांग जिन्यु से 3-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। हेली बापटिस्टे को इकेटरीना एलेक्सांद्रोवा ने 6-1, 6-1 से पराजित किया। पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने लेला फर्नांडिज को 5-7, 6-3, 6-0 से और छठी रैंकिंग की जैस्मिन पाओलिनी ने एरिका आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी।

## फ्रेंच ओपन के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे गास्केट



**पेरिस।** फ्रांस के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट ने गुरुवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास ले लेंगे। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को अपने एक हाथ से लगाए गए बैकहैंड के लिए जाना जाता है लेकिन वह अभी तक अपने करियर में कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाए हैं। गास्केट ने फ्रांस के एक समाचार पत्र से कहा, 'मैं अगले साल फ्रेंच ओपन के बाद खेलना बंद कर दूंगा। मेरा मानना है कि यह मेरे लिए टेनिस से संन्यास लेने का सबसे उपयुक्त समय होगा। संन्यास लेने के लिए यह सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट है। फ्रांस का खिलाड़ी होने के कारण हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें इस अविश्वसनीय टूर्नामेंट में संन्यास लेने का मौका मिलता है।'

## खबर संक्षेप

### इंडिया ओपन में दीक्षा करेंगी भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली।** अनुभवी दीक्षा डागर इस महीने होने वाले हीरो महिला इंडिया ओपन 2024 में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी जबकि लेडीज यूरोपीय टूर आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर काबिज स्विटजलैंड की चियारा ताम्बुरलिनी खिताब के प्रबल दावेदारों में होंगी।



यह टूर्नामेंट 24 से 27 अक्टूबर तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब पर खेला जाएगा। इसमें कुल ईनामी राशि चार लाख डॉलर होगी। पिछले साल तीसरे स्थान पर रही दीक्षा के अलावा आठवें स्थान पर रही गौरिका बिश्नोई प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों में हैं।

### कोच-कप्तान से नैसर्गिक बल्लेबाजी करने की छूट

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में यहां अर्धशतक जमाते हुए हरफनमौला नीतिश रेड्डी के साथ 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी कर भारत की जीत की नींव रखने वाले रिंकू सिंह ने कहा कि उन्हें कोच और कप्तान ने अपनी नैसर्गिक बल्लेबाजी करने की छूट दी है।



रिंकू जब क्रीज पर आये तब टीम मुश्किल में थी लेकिन उनकी और रेड्डी की जोड़ी ने शुरुआत की कुछ गेंदों पर संभल कर खेलने के बाद आक्रामक रूख अपनाया। रिंकू ने कहा कि इस पिच पर पारी की शुरुआत में बल्लेबाजी थोड़ी मुश्किल थी।

### रेड्डी ने प्रदर्शन का श्रेय गंभीर को दिया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 में भारत की 86 रन से जीत में बल्ले और गेंद से योगदान देने वाले हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी ने इसका श्रेय मुख्य कोच गौतम गंभीर को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य बांग्लादेशी स्पिनरों को निशाना बनाना था।



रेड्डी ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो इसका श्रेय गौतम सर को जाता है। उन्होंने काफी आत्मविश्वास दिया। उन्होंने मुझे कहा कि अपनी गेंदबाजी पर भरोसा रखो। उन्होंने कहा कि गेंदबाजी करते समय गेंदबाज की तरह सोचो, ऐसे बल्लेबाज की तरह नहीं जो गेंदबाजी कर सकता है।'

### वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को आठ विकेट से रौंदा


**शारजाह।** वेस्टइंडीज ने गुरुवार को यहां महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में बांग्लादेश को 43 गेंद रहते आठ विकेट से से शिकस्त दी। वेस्टइंडीज की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे वह चार अंक लेकर 1.708 के नेट रन रेट के आधार पर ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया है। बांग्लादेश की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आठ विकेट पर 103 रन ही बना सकी। वेस्टइंडीज ने 12.5 ओवर में दो विकेट पर 104 रन बनाकर जीत दर्ज की।

### वर्ल्ड रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम, भारत के खिलाफ बनाए थे 952 रन

# रिकॉर्ड 823 रन... इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में बनाया चौथा बड़ा स्कोर

एजेंसी ▶▶| मुल्तान

टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हमेशा अपना विशेष स्थान बनाए रखेगा क्योंकि इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ यहां खेले जा रहे मैच में अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित करके कुछ नए रिकॉर्ड बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में केवल चौथा अवसर है जबकि किसी टीम में 800 से अधिक रन बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में चौथा बड़ा स्कोर भी है। वर्ल्ड रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम पर है जिसने 1997 में भारत के खिलाफ छह विकेट पर 952 रन बना कर अपनी पारी समाप्त घोषित की थी। श्रीलंका ने तब टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर के इंग्लैंड के रिकॉर्ड को तोड़ा था जिसने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पारी सात विकेट पर 903 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इंग्लैंड ने इससे पहले 1930 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 849 रन बनाए थे।



### रूट ने बनाए 262 रन

जो रूट ने 262 रन बनाकर अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इस दौरान वह इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ा। वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, जाक कैलिस और राहुल द्रविड़ के बाद पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### ब्रूक का तिहरा शतक

हैरी ब्रूक ने 317 रन की बड़ी पारी खेली जो टेस्ट क्रिकेट में किसी एक पारी में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर की सूची में संयुक्त रूप से 20वें नंबर पर है। वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। यह 1990 में ग्राहम गूच के भारत के खिलाफ लगाए गए तिहरे शतक के बाद पहला अवसर है जबकि इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज ने यह उपलब्धि हासिल की।

### 454 रन की साझेदारी

रूट और ब्रूक ने 454 रन जोड़े जो इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में चौथे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड श्रीलंका के कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने के नाम पर है जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2006 में 624 रन की साझेदारी की थी।

### 6 गेंदबाजों ने दिए 100+ रन

पाकिस्तान के छह गेंदबाजों ने 100 से अधिक रन लुटाए। यह टेस्ट क्रिकेट में केवल दूसरा अवसर है जबकि छह गेंदबाजों ने एक पारी में 100 से अधिक रन दिए। इससे पहले 2004 में जिंबॉब्वे के गेंदबाजों ने श्रीलंका के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था।

### मैच का हाल

पाकिस्तान ने पहली पारी में 556 रन बनाए थे। शफीक ने 102 रन, कप्तान शान मसूद ने 151 रन और आगा सलमान ने नाबाद 104 रन की पारी खेली थी। इंग्लैंड की तरफ से जैक लीच ने तीन विकेट लिए थे। इसके जवाब में इंग्लैंड ने 823 रन का विशाल स्कोर बनाया दिया। पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 6 विकेट पर 152 रन बना लिए हैं। वह अभी भी 115 रन से पीछे है।

### बैडमिंटन

## लक्ष्य सेन आर्कटिक ओपन से बाहर, पांडा बहनें भी हारीं




एजेंसी ▶▶| वांता

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन गुरुवार को एक गेम की बढ़त गंवाने के बाद प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन से हारकर आर्कटिक ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इस 23 साल के भारतीय ने एक घंटे 10 मिनट तक कड़ी मशक्कत की लेकिन सुपर 500 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में सातवें वरीय खिलाड़ी से 21-19 18-21 15-21 से हार गये। भारत के लिए दिन काफी खराब रहा और देश के सभी खिलाड़ी दूसरे दौर में बाहर हो गए। भारतीय क्वालीफायर किरण जॉर्ज को पुरुष एकल स्पर्धा में इंडोनेशिया के पांचवें वरीय जोनाटन क्रिस्टी से 17-21 8-21 से हार मिली। मालविका बंसोड महिला एकल स्पर्धा में रतचानोक इंतानोन से 15-21 8-21 से पराजित हो गई। उन्नति हुड्डा और आकर्षि कश्यप राउंड 16 का मैच गंवा बैठी। उन्नति को कनाडा की मिशेल लि से 10-21 19-21 से और आकर्षि को चीन की दूसरी वरीय हान युए से 9-21 8-21 से पराजय मिली। सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी को चेंग जिंग और झांग चि की जोड़ी से 12-21 15-21 से हार मिली। दिन के अंतिम भारतीय मैच में रूतापर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की महिला युगल जोड़ी शीर्ष वरीय लियू शेंग शु और टान निंग की जोड़ी से 8-21 10-21 से हार गई।

### भारत-जर्मनी में होगी जंग

## ध्यानचंद स्टेडियम में हॉकी की वापसी को लेकर उत्साह



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले एक दशक से खाली पड़ी कुर्सियों और मैदान के साथ बाहर लगी मेजर ध्यानचंद की आदमकद प्रतिमा को भी उनके नाम पर बने स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी का इंतजार था।

तमाम आधुनिक सुविधाएं, एक मुख्य पिच और दो अभ्यास पिच, नीली एस्ट्रो टर्फ, 16,200 दर्शक क्षमता और लुटियंस दिल्ली इलाका। यह यकीन करना मुश्किल है कि यहां दस साल से अंतरराष्ट्रीय हॉकी नहीं हुई लेकिन ओडिशा सरकार के हॉकी का प्रायोजक बनने के बाद से भुवनेश्वर और राउरकेला भारत में अंतरराष्ट्रीय हॉकी के गढ़ बन गए और विश्व कप, प्रो लीग, चैम्पियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट वहीं हुए। 'भारतीय हॉकी का मंदिर' कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर 23 और 24 अक्टूबर को जर्मनी के खिलाफ दो मैचों के साथ ही बरसों की बेनूरी खत्म होगी। दिल्ली के दिल में बने इस ऐतिहासिक स्टेडियम में हॉकी की वापसी को लेकर यहां अकादमी में खेलने वाले बच्चों के साथ पूर्व खिलाड़ियों, कोच, प्रशासकों में भी काफी उत्साह है।

### उमड़ा था जज्बात का सैलाब

इसी मैदान पर जब भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को विश्व कप 2010 और उसी साल राष्ट्रमंडल खेलों में हराया था तो खचाखच भरे स्टेडियम में जज्बात का सैलाब उमड़ पड़ा था। भावनगर के महाराजा की ओर से दिल्ली को तोहफे में मिला नेशनल स्टेडियम 1951 में पहले एशियाई खेलों का गवाह बना और 1982 के एशियाई खेलों के हॉकी फाइनल में पाकिस्तान से मिली हार के बाद खिलाड़ियों के आंसू भी यहीं पर गिरे। इसी मैदान पर आस्ट्रेलिया ने 2010 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भारतीय हॉकी के सीने पर आठ गोल दागे थे। यहां आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2014 हीरो विश्व लीग फाइनल हुआ था।

**एचआईएल नीलामी : 1000 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली**

हॉकी इंडिया लीग के लिए 13 से 15 अक्टूबर को यहां होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी में 1000 से अधिक भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। यह लीग सात साल बाद वापसी कर रही है जिसमें पहली बार पुरुषों के साथ महिलाओं की लीग भी खेली जाएगी।

## भारतीय खिलाड़ी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ : तस्कीन



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद का मानना है कि भारतीय खिलाड़ी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं और किसी भी परिस्थिति में अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। उन्होंने यह भी माना कि बल्लेबाजी की कमजोरियों ने चल रही टी20 श्रृंखला में बांग्लादेश को निराश किया है, जिसमें मेजबान भारत एक मैच शेष रहते 2-0 से अजेय बढ़त बना चुका है। तस्कीन ने कहा, /"इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे (भारतीय क्रिकेटर) सर्वश्रेष्ठ हैं, न सिर्फ स्वदेश में बल्कि पूरी दुनिया में। वह हमसे ज्यादा अनुभवी और बेहतर हैं।/"

## भारत ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जीता कांस्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई जिससे उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने बुधवार को इसी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था जो 1972 से शुरू हुई इस चैंपियनशिप के इस वर्ग में देश का पहला पदक है। विश्व रैंकिंग में 42वें नंबर पर काबिज दिग्गज अचंता शरत कमल को दुनिया के सातवें नंबर के प्रतिद्वंद्वी लिन युन जू से कड़ी चुनौती मिली और वह 11-7, 12-10, 11-9 से पराजित हो गए। इसके बाद मानव ठक्कर को दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी काओ चेंग-जुई से शिकस्त झेलनी पड़ी। चीनी ताइपे के इस खिलाड़ी ने ठक्कर को 11-9, 8-11, 11-3, 13-11 से हरा दिया। भारतीय टीम 0-2 से पिछड़ रही थी। तीसरे मैच में हरमीत देसाई को भी निराशा का सामना करना पड़ा जो हुआंग यान-चेंग से 6-11, 9-11, 7-11 से हार गए।




### अय्यर और ईशान किशन पर नजरें

## रणजी ट्रॉफी : शीर्ष खिलाड़ियों के बिना होगा आधा सत्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी का 90वां सत्र शुक्रवार से शुरू होगा तो सैकड़ों खिलाड़ी अपने अपने लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरेंगे जहां श्रेयस अय्यर अपने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को ढर्रे पर लाना चाहेंगे तो ईशान किशन की नजरें अपने बारे में लोगों की धारणा बदलने पर लगी होंगी। आईपीएल के दोनों सितारों को नसीहत देकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सख्त संदेश दिया था कि आईपीएल नीलामी में हाथोंहाथ बिकने वालों को भी देश के क्रिकेट की नींव रणजी ट्रॉफी को सम्मान देना होगा। रणजी ट्रॉफी में देश के शीर्ष 17-18 खिलाड़ी नजर नहीं आएंगे जो 16 अक्टूबर से सात जनवरी के बीच आठ टेस्ट मैच खेलेंगे। वहीं अगले 18 एक ही दौर में खेल सकेंगे जिसके बाद वे आस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली भारत ए टीम का हिस्सा होंगे। वहीं अगले 15 दक्षिण अफ्रीका में चार मैचों की टी20 श्रृंखला के कारण उपलब्ध नहीं होंगे। इसके बाद के 15 मस्कट में इमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट खेलेंगे।



### मुंबई के पास स्टार खिलाड़ी

टीमों की बात करें तो मुंबई पर नजरें होंगी जिसके पास अजिंक्य रहाणे, पृथ्वी साव, श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी हैं। सरफराज खान भारतीय टीम के साथ होने के कारण नहीं खेलेंगे तो उनके छोटे भाई मुशीर चोटिल हैं। मध्यप्रदेश को आफ स्पिन हरफनमौला सारांश जैन की कमी पहले दौर में खल सकती है जो आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

### पुजारा लगाएंगे रनों का अंबार


कर्नाटक की नजरें विदवत कावेरप्पा और विशाख विजयकुमार पर रहेंगी जबकि मुकेश कुमार बंगाल के लिए एक मैच खेल सकते हैं जिसके बाद उन्हें भारत ए के साथ दौरे पर जाना है। चेतेश्वर पुजारा से रनों का अंबार लगाने की उम्मीद होगी जबकि एक समय भारतीय टीम में उनके साथी रहे खिलाड़ियों को बखूबी पता है कि आस्ट्रेलिया में उनकी कमी खलेगी।

## डायनासोर के जमाने की है ये मछली

# 10 करोड़ साल पुरानी इस प्रजाति को कहते हैं जिंदा जीवाश्म

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

एलिगेटर गार को जिंदा जीवाश्म के रूप में भी जाना जाता है। दरअसल, इस मछली की प्रजाति 10 करोड़ साल से जीवित है। इसके मगरमच्छ जैसे मुंह की वजह से इसे एलिगेटर गार नाम दिया गया है। इसके मुंह के अंदर नुकीले दांतों की दो पंक्तियां होती हैं, जिसके बीच एक बार जाने के बाद शिकार का बच पाना लगभग नामुमकिन होता है। इसके दांत अपने शिकार को एक बार में चीर डालते हैं। हैरानी की बात ये है कि इस प्राचीन मछली को आजतक न प्राकृतिक आपदा मार पाई, न ही उस समय के डायनासोर से इन्हें कोई नुकसान हुआ और यह आज तक भी जिंदा हैं। अमेरिका और मेक्सिको की नदियों में पाई जाती है। इसके अलावा मेक्सिको की खाड़ी में भी इनकी अच्छी खासी तादाद है। खाने में इनके मनपसंद केकड़े, मछली, पक्षी, स्तनधारी जीव, कछुए जैसे जीव हैं। ये मछली दिखने में भी काफी खतरनाक लगती है। इसकी नाक बहुत लंबी होती है, जो किसी मगरमच्छ की तरह नजर आती है। वहीं, शरीर पर कवच जैसे स्केल्स बने होते हैं। अगर ये पानी में ऊपरी सतह पर तैर रही हो, तो इसे कोई मगरमच्छ भी समझ सकता है। यही वजह है कि इसे एलिगेटर गार कहा जाता है।



### 100 साल तक जीती है ये मछली

यह मछली अधिकतम 8 फीट लंबी हो सकती है और इसका वजन 136 किलोग्राम तक हो सकता है। ये मछली बहुत तेजी से बढ़ती है। अंडे से निकलने के बाद यह पहले साल में ही करीब 2 फीट लंबी हो जाती हैं। इसके बाद ये अपने पूरे जीवन में बढ़ती रहती है। इसका अधिकतम जीवन 100 साल तक हो सकता है।

### जिंदा जीवाश्म क्यों कहा जाता है?

एलिगेटर गार दुनिया के उन प्राचीन जीवों में से एक है, जो करोड़ों वर्षों से पृथ्वी पर मौजूद हैं। उनकी प्रजाति बिना किसी बदलाव के आज भी पृथ्वी पर जीवित है। जिस प्रकार इंसानों की प्रजाति का विकास बंदरों से हुआ। ऐसे इस मछली की प्रजाति में कोई बदलाव नहीं हुए हैं। इनका इवोल्यूशन लगभग रुक गया है।

### एक जमाने में था इनका आतंक

1930 के आसपास इन मछलियों ने अमेरिका में आतंक मचाया हुआ था। उस समय टेक्सास गेम फिश कमीशन ने इन मछलियों को 200 वोल्ट की बिजली का झटका देकर मारने का आदेश दिया था। इसे गार डेस्ट्रॉयर कहा जाता है। लेकिन आज के समय में ये मछली फ्लोरिडा में संरक्षित हैं और टेक्सास में कई जगहों पर इसके शिकार पर रोक लग गई है।

## रावण-कुंभकरण-मेघनाथ की करते हैं पूजा

**भोपाल।** बुंदेलखंड के सागर जिले में एक व्यक्ति ऐसा है जो राम से अधिक रावण की पूजा करता है। सुबोध शुक्ला, सागर के रवि शंकर वार्ड में रहते हैं और पहले होमगार्ड के रूप में इंदौर में सेवाएं दे चुके हैं। बाद में, उनका स्थानांतरण जैन आदिम जाति कल्याण विभाग, खंडवा में हुआ, जहां उन्होंने आदिवासी समुदाय के बीच काम किया। यहां के आदिवासी रावण, कुंभकरण, और मेघनाद की पूजा करते हैं, जिससे सुबोध शुक्ला का रावण के प्रति लगाव बढ़ा। इस दौरान उन्होंने रावण संहिता और रावण स्तुति का अध्ययन शुरू किया और रावण के भक्त बन गए। सुबोध शुक्ला बताते हैं कि खंडवा के आदिवासी मानते थे कि रावण दक्षिण के द्रविड़ ब्राह्मण थे और उनके लिए भगवान के समान थे। आदिवासियों की इस मान्यता ने सुबोध शुक्ला को रावण की भक्ति की ओर प्रेरित किया। उनका दावा है कि समाज ने उन्हें उनके मूल संस्कारों से भटकाया है, और वे अपने इस अनुभव के चलते रावण को अपना आराध्य मानते हैं। सुबोध शुक्ला रावण की तरह ही भगवान शिव के भी भक्त हैं और नियमित रूप से शिव तांडव करते हैं।







## कहां से और कैसे भारत आई जलेबी?

**नई दिल्ली।** जलेबी की उत्पत्ति फारस (अब ईरान) से हुई है। इसे फारसी भाषा में जलिबिया कहा जाता है। मध्य पूर्व के दूसरे देशों में इस मिठाई को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। इतिहासकार मानते हैं कि फारसी व्यापारियों, कारीगरों और मध्य पूर्वी आक्रमणकारियों के माध्यम से जलेबी भारत पहुंची। यीस्ट से बनने वाली चीजों का अरब देशों से संबंध है और वहां से यह स्वादिष्ट मिठाई यूरोप, जर्मनी और उत्तरी अमेरिका तक फैल गई। 500 साल पहले तुर्की आक्रमणकारियों के साथ जलेबी भारत पहुंची। भारत में कई जगहों पर जलेबी को दही, रबड़ी और दूध के साथ खाया जाता है। इसके अलावा जलेबी से मिलती- जुलती एक मिठाई और भी काफी लोकप्रिय है। इस मिठाई को इमरती के नाम से जाना जाता है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com